


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल




वर्ष- 13, अंक - 218 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, गुरूवार 26 मई 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास खबर

### सुप्रीम कोर्ट ने पलटा दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला, समूह की कंपनियों को अंतरिम राहत से इनकार

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सहारा समूह को एक बड़ा झटका दिया है। दरअसल, कोर्ट ने समूह से संबंधित कंपनियों की जांच पर अंतरिम राहत देने और जांच पर रोक लगाने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया। मामले की सुनवाई के दौरान पीठ ने सहारा समूह से जुड़ी नौ कंपनियों की जांच पर रोक लगाने के दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली स्स्त्रद्धह्र द्वारा दायर की गई याचिका को अनुमति दी है।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि सहारा समूह की कंपनियों के खिलाफ स्स्त्रद्धह्र जांच पर रोक लगाने वाला दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश सही नहीं था। आदेश में कहा गया कि हाईकोर्ट ये आदेश जारी कर मामले की पूरी जांच को ही रोक दिया। इस तरह का आदेश सिर्फअसाधारण मामलों में ही दिया जा सकता है। पीठ ने कहा कि गर्मी की छुट्टियों के बाद दो महीने में हाईकोर्ट में मामले को तेजी से निपटाया जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूढ़ और बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने स्स्त्रद्धह्र की याचिका को अनुमति दी है। बता दें कि बीते 17 मई को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई करने का फैसला किया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने शीर्ष अदालत को बताया था कि सहारा समूह के प्रमुख सुब्रत रॉय के खिलाफ हाल ही में एक अन्य पीठ द्वारा लुकआउट सर्कुलर पर रोक लगाने के संबंध में याचिकाकर्ता (एसएफ्आईओ) की ओर से कुछ आशंका थी। मेहता ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला सही नहीं है।

# झीरम घाटी हमले की बरसी पर बोले सीएम बघेल
# भाजपा जांच में डाल रही बाधा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को बस्तर जिले की झीरम घाटी में 2013 में हुए नक्सली हमले में मारे गए कांग्रेस नेताओं और अन्य लोगों की याद में जगदलपुर के लालबाग में बनाए गए झीरम शहीद स्मारक का अनावरण किया। इस मौके पर भूपेश बघेल ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा घटना के पीछे की साजिश को उजागर करने के प्रयासों में बाधा डालती है। झीरम घाटी नक्सल हमले की ये 9वी बरसी थी।



### भाजपा सरकार ने जांच में लगाया अडंगा

उन्होंने कहा कि घटना के बारे में राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा की गई जांच संतोषजनक नहीं थी, जब हमने साजिश के बारे में जांच के लिए एक नई पुलिस जांच शुरू की और मामले को एनआईए से वापस मांगा तो केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने इनकार कर दिया। इतना ही नहीं नई पुलिस जांच के खिलाफएनआईए उच्च न्यायालय पहुंच गई।

सीएम भूपेश बघेल ने भारतीय जनता पार्टी को घेरते हुए आगे कहा कि भाजपा के के नेता राज्य सरकार की जांच के खिलाफकोर्ट गए हैं। ऐसे में बड़ा सवाल ये है कि उन्हें आखिर क्या परेशानी है जो वह राज्य सरकार को जांच को करने से रोक रहे हैं। सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि झीरम नक्सल हमले के समय छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार थी। उन्होंने कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा को सुरक्षा नहीं दी और हमेशा जांच को प्रभावित करती रही।

### सीएम बघेल ने लहराया 100 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज

सीएम भूपेश बघेल ने स्मारक स्थल पर 100 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज को भी फहराया। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने भाजपा पर हमले के पीछे की साजिश का पर्दाफाश करने के लिए राज्य सरकार के प्रयास बाधित करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। बस्तर जिले के मुख्यालय जगदलपुर के लालबाग इलाके में 'झीरम घाटी शहीद स्मारक' नाम का स्मारक बनाया गया है, जहां हमले में मारे गए नेताओं और सुरक्षाकर्मियों की मूर्तियां लगाई गई हैं।

### भाजपा पर लगाया आरोप

समारोह से इतर भूपेश बघेल ने भाजपा पर इस दुखद हमले के पीछे की साजिश का पता लगाने के लिए राज्य कांग्रेस सरकार के प्रयासों में बाधा डालने का प्रयास करने का आरोप लगाया। सीएम भूपेश बघेल ने दावा किया कि पिछले नौ वर्षों में हमने तथ्यों को सामने लाने की पूरी कोशिश की क्योंकि आप सभी जानते हैं कि यह एक राजनीतिक और आपराधिक साजिश थी, लेकिन भाजपा हमारे प्रयासों को रोकने की कोशिश करते रही।

### भले ही हमारे नेता हमारे बीच नहीं, लेकिन बना रहेगा मार्गदर्शन

उन्होंने ट्वीट करके कहा कि शहीदों के परिजनों के साथ हम सब हर सुख-दु:ख में खड़े हैं। हमारे नेता हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनका मार्गदर्शन बना हुआ है। यदि आज हमारे नेता जीवित होते, तो निश्चित रूप से वो खुशी जाहिर करते कि जहां लाल आतंक के साये में बस्तर दहक रहा था, आज वो बस्तर शांति की ओर लौट रहा है। वो जहां भी होंगे, निश्चित रूप से इस बात को देखकर खुश हो रहे होंगे और सबको आशीष दे रहे होंगे।



### राहुल गांधी ने भी किया ट्वीट

राहुल गांधी ने भी इस घटना को लेकर ट्वीट किया। उन्होंने कहा कि हम अपने नेताओं की शहादत को कभी नहीं भूल सकते। उन्होंने लिखा, '2013 में झीरम घाटी में हुए नक्सली हमले में हमने अपने कई कांग्रेस के साथियों और जवानों को खो दिया था। हम अपने देशभक्त साथियों की वीरता को सलाम करते हैं, उनकी शहादत हम कभी नहीं भूल सकते।'

### 2013 में हुई थी घटना

गौरतलब है कि 25 मई 2013 को माओवादियों ने विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी की 'परिवर्तन रैली' के दौरान झीरम घाटी में कांग्रेस नेताओं के एक काफिले पर हमला किया था, जिसमें तत्कालीन राज्य कांग्रेस प्रमुख नंद कुमार पटेल, विपक्ष के पूर्व नेता महेंद्र कर्मा और पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल सहित 32 लोग मारे गए थे।

# मिशन-2023: दो दिवसीय बैठक में सत्ता वापसी के लिए और प्रदेश सरकार को घेरने बनेगी रणनीति

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** रायपुर में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति व प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक 26 और 27 मई को होगी। बैठक में राष्ट्रीय संगठन मंत्री शिव प्रकाश, भाजपा की प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी और सह प्रभारी नितिन नवीन शामिल होंगे। 2 दिवसीय बैठक में बूथ कार्य विस्तार योजना की समीक्षा की जाएगी। 30 मई को मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के 3 वर्ष व कुल 8 वर्ष पूरे हो रहे हैं। भाजपा इसे सेलिब्रेट करते हुए 15 दिनों का कार्यक्रम तैयार करेगी। सत्ता में वापसी के लिए रणनीति बनेगी। मिशन-2023 की तैयारियों पर मंत्रणा की जाएगी, वहीं पिछली बैठकों की समीक्षा भी होगी।

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की यह बैठक छत्तीसगढ़ में अगले साल होने वाले चुनाव को लेकर भी महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दूसरी पारी में 30 मई को शपथ ग्रहण किया था। ऐसे में पार्टी पखवाड़ेभर तक आयोजन करने की तैयारी में है। पीएम मोदी की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा जाएगा। पार्टी के कार्यविस्तार योजना को लेकर भी मंथन किया जाएगा। कार्यसमिति की बैठक के बाद कोर ग्रुप की भी बैठक होगी। कुल मिलाकर बैठक में संगठन को गांव-गांव व बूथ स्तर तक मजबूत करने व प्रदेश सरकार को आक्रमक रूप से घेरने की रणनीति बनेगी।

### पिछली बैठक की नसीहतों पर वन-टू-वन

प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी प्रदेश भाजपा को एक्टिव करने में जुटी हैं। यही वजह है कि प्रभारी बनने के बाद से वे लगातार छत्तीसगढ़ का दौरा कर रही हैं। मई के पहले सप्ताह में पुरंदेश्वरी ने सभी मोर्चा-प्रकोष्ठों और पांचों संभागों के पदाधिकारियों की बैठक लेकर पार्टी की गतिविधियां तेज करने तथा केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए थे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक 26 और 27 मई की बैठक में पुरंदेश्वरी पिछली बैठक में दी गई नसीहतों का वन-टू-वन रिव्यू करेंगी।

### संगठनात्मक गतिविधियों की होगी चर्चा

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने बताया कि 30 मई को मोदी सरकार के कार्यकाल का 8 साल पूरा हो रहा है। सरकार की उपलब्धि को जन-जन तक पहुंचाने की कार्ययोजना पर चर्चा होगी। प्रदेश के सभी जिलों और मंडलों में चल रहे संगठनात्मक गतिविधियां, विस्तारक योजना, शक्ति केंद्रों, कमजोर बूथों व गांव-गांव तक पहुंचने की योजना पर चर्चा की जाएगी।

# 12 लाख के इनामी नक्सलियों ने किया सरेंडर
# मुखबिरी के शक में ग्राम पटेल की हत्या

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले से लगे महाराष्ट्र बॉर्डर पर नक्सलियों ने बुधवार को एक ग्रामीण की हत्या कर दी है। ग्रामीण की पहचान गढ़चिरौली जिले के डोड्डूर गांव के पटेल के रूप में हुई है। ग्रामीण तेंदूपत्ता जमा करने फड़ गया हुआ था। माओवादियों ने पहले युवक का अपहरण किया और मुखबिरी के शक में फिर धारदार हथियार से हत्या कर दी। नक्सलियों ने शव




को गांव के पास सड़क पर फेंक दिया। इधर 12 लाख रुपये के इनामी हार्डकोर महिला एवं पुरुष नक्सली ने गढ़चिरौली एसपी के सामने सरेंडर कर दिया। दोनों नक्सली कई बड़ी घटनाओं में शामिल रहे हैं।

मिली जानकरी के मुताबिक नक्सलियों ने गढ़चिरौली के जामभिया गट्टा थाना क्षेत्र में वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस के मुताबिक नक्सलियों ने ग्रामीण कुल्ले वजा की हत्या की है। वह एटापल्ली तहसील के डोड्डूर गांव का निवासी था। वह गांव में पटेल का काम करता था। बताया जाता है कि कुल्ले तेंदूपत्ता जमा करने फड़ में गया हुआ था। लौटते वक्त ग्रामीण वेशभूषा में आए 5 से 7 नक्सलियों ने युवक का अपहरण कर लिया।

## बिजली के खंभे से टकराने के बाद बस में लगी आग, एक यात्री की जलने से मौत

**जशपुर।** जशपुर जिले में बुधवार शाम एक निजी बस में सड़क किनारे बिजली के खंभे के तार के संपर्क में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की जलकर मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना जिले के कंसबेल थाना क्षेत्र के डोकड़ा चौकी इलाके में शाम करीब साढ़े छह बजे हुई। अधिकारी ने बताया कि करीब एक दर्जन यात्रियों को लेकर जा रही बस सड़क किनारे बिजली के खंभे के तार के संपर्क में आ गई, जिससे शॉर्ट सर्किट हो गया जिससे आग लग गई। उन्होंने कहा कि यात्रियों में से एक की जलकर मौत हो गई जबकि अन्य को स्थानीय निवासियों की मदद से बचा लिया गया। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस दल घटनास्थल पहुंचा और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# नक्सल विरोधी अभियान बढ़ाने की तैयारी में सीआरपीएफ
# छत्तीसगढ़ में शुरू किए दो नए फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** माओवादी विरोधी अभियानों को बढ़ाने के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने हाल ही में छत्तीसगढ़ ने गहरे जंगलों में नक्सल प्रभावित इलाके में दो नए फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस शुरू किए हैं। समाचार एजेंसी एएनआई की एक रिपोर्ट के अनुसार सीआरपीएफ के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी साझा की।

इन नए फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस (एफ्ओबी) से सीआरपीएफ को नक्सवाद से प्रभावित जंगल के इलाकों में और गहराई तक काम करने में मदद मिलेगी। इसके तहत इन इलाकों को सड़कों से जोड़ा जा सकेगा और केंद्र की अन्य लाभकारी योजनाओं को यहां तक पहुंचाया जा सकेगा।

इन एफ्एबी का निर्माण छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में स्थित एल्मागोंडा और पोटकपल्ली इलाकों में करीब तीन महीने पहले किया गया था। सीआद्भपीएफ के महानिदेशक कुलदीप सिंह ने मंगलवार को इनका दौरा किया था और ऑपरेशनल तैयारी की समीक्षा की थी। उन्होंने सीआरपीएफ जवानों के साहस की सराहना भी की।



### नक्सल प्रभावित इलाकों में 25 एफओबी खोलने का लक्ष्य

सीआरपीएफ के आंकड़ों के अनुसार साल 2020 के बाद से स्थापित किए गए इस तरह के शिविर प्रतिष्ठानों की संख्या 63 हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि सीआरपीएफ ने इस साल नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 25 एफ्ओबी खोलने का लक्ष्य तय किया है।

ये प्रतिष्ठान आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और तेलंगाना के लगभग चार दर्जन जिलों तक बल और केंद्रीय योजनाओं की पहुंच बढ़ाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय का अधिकतम एफ्ओबी स्थापित करने का कदम दशकों से चले आ रहे माओवाद के मुद्दे को समाप्त करने के लिए है।

# कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में हसदेव अरण्य पर सवाल
# राहुल गांधी बोले- विरोध कुछ मायनों में जायज

**रायपुर ( एजेंसी )।** छत्तीसगढ़ के हसदेव अरण्य में कोयला खनन का मुद्दा लंदन की कैंब्रिज विश्वविद्यालय में उठा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से वहां के स्टूडेंट्स ने पूछा कि 2015 में आपने हसदेव अरण्य के आदिवासियों से कहा था कि जंगल उजड़ने नहीं देंगे। उनके अधिकारों की रक्षा करेंगे और कोयला खनन के खिलाफ उनके साथ खड़े रहेंगे। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है फिर भी वनों की कटाई और खदानों विस्तार की अनुमति कैसे मिल रही है। राहुल गांधी ने इसके जवाब में कहा कि वे इस मुद्दे पर पार्टी के भीतर बात कर रहे हैं। जल्दी ही इसका नतीजा सामने आएगा।

दरअसल, छत्तीसगढ़ के सरगुजा, सूरजपुर और कोरबा जिलों में फैले हसदेव अरण्य में कोयला खनन का मुद्दा लंदन की कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में उठा है। राहुल गांधी पिछले 4 दिन से लंदन में हैं। राहुल गांधी कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में आयोजित संवाद में हिस्सा लेने पहुंचे। एक्सआर यूथ कैंब्रिज से जुड़े स्टूडेंट्स ने राहुल गांधी से इंडिया एट 75 कार्यक्रम में पूछा कि हसदेव अरण्य क्षेत्र में खनन की अनुमति दे दी गई है। आपने आदिवासियों से कहा था कि कोयला खनन के खिलाफ उनके साथ खड़े रहेंगे। राहुल गांधी



ने कहा, उन्हें इस फैसले से समस्या है। वह पार्टी के भीतर इस पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं इस पर काम कर रहा हूं। मैं विरोध देख रहा हूं। मुझे पता है कि विरोध चल रहा है और मुझे लगता है कि कुछ मायनों में विरोध उचित भी है।

### राजस्थान की बिजली कंपनी को जाएगा कोयला

राजस्थान के विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड को आवंटित परसा कोल ब्लाक के डेवलेपमेंट एवं माइनिंग का ठेका अडानी इंटरप्राइसेस के हाथों में है। पहले चरण में परसा कोल ब्लॉक में 841 हेक्टेयर जंगल की भूमि से पेड़ों की कटाई की गई थी। दूसरे चरण में परसा ईस्ट-केते-बासेन कोल ब्लॉक में कुल 2711 हेक्टेयर क्षेत्र में कोल उत्खनन की मंजूरी दी गई है। इसमें 1898 हेक्टेयर भूमि वनक्षेत्र है, जिसमें परसा, हरिहरपुर, फ्तेहपुर व घाटबर्रा के 750 परिवार विस्थापित होंगे। खदान खोलने के विरोध करते हुए ग्रामीण 15 अप्रैल 2022 की दोपहर ग्राम साल्ही स्थित खदान के पास भारी संख्या में पहुंचे थे। ग्रामीणों ने कंपनी के जनरेटर व मजदूरों के अस्थाई टीन शेड से बने आवास को आग के हवाले कर दिया था, जिसके बाद पुलिस व प्रशासन के अफ्सर पहुंचे थे।

### हसदेव बचाने सोशल मीडिया में चल रहा कैंपेन

परसा कोल ब्लॉक प्रभावित गांवों के लोग करीब 3 महीनों से धरने पर बैठे हैं। ग्रामीण जंगलों में पेड़ों की रखवाली कर रहे हैं। पेड़ कटाई का मामला सुप्रीम कोर्ट और भूमि अधिग्रहण का मामला हाईकोर्ट तक भी पहुंच चुका है। रात में पेड़ कटाई पर हाईकोर्ट ने पिछले दिनों राज्य सरकार से जवाब भी मांगा है। कोल बेयरिंग एक्ट के प्रावधानों एवं सुप्रीम कोर्ट के कोल ब्लॉक जजमेंट के विरूद्ध खदान खोले जाने का मामला सामने आया था। वहीं पेड़ कटाई से पहले NTCA-NBWL से पूछा तक नहीं गया था, जिस पर राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने छत्तीसगढ़ शासन से जवाब भी मांगा है। एक तरफखदान खोले जाने के विरोध में सोशल मीडिया में हसदेव बचाने कैंपेन चलाए जा रहे हैं वहीं दूसरी ओर राजस्थान विद्युत मंडल के सीएमडी आरके शर्मा छत्तीसगढ़ दौरे पर आए हुए हैं। वे सोमवार को सूरजपुर कलेक्टर से मिले। मंगलवार को मुख्य सचिव अमिताभ जैन से मिले और खदान जल्द खोलने का आग्रह किया।

### कोल ब्लॉक का 2019 से ग्रामीण कर रहे विरोध

बता दें कि उदयपुर क्षेत्र के हरिहरपुर, फ्तेहपुर और साल्ही ग्राम पंचायत के लोग खदान खोलने का साल 2019 से विरोध कर रहे हैं। प्रधानमंत्री से लेकर राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री को ग्रामीण पत्र लिख चुके हैं। यहां के ग्रामीण 300 किलोमीटर पैदल चलकर राज्यपाल से मिलने रायपुर भी गए थे, लेकिन इसके बाद भी सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद 2 मार्च 2022 से साल्ही गांव में प्रदर्शन कर रहे थे। बता दें कि परसा कोल ब्लॉक में खनन शुरू करने एनओसी जारी को लेकर लंबे समय तक गतिरोध बना था। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत रायपुर थे और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुलाकात की थी, जिसके बाद खनन के लिए वन एवं पर्यावरण की स्वीकृति प्रदान की गई है। राज्य शासन की स्वीकृति के बाद कोल ब्लॉक का भारी विरोध हो रहा है।



## संपादकीय

# सिब्बल का पार्टी छोड़ना

यह लगातार चुनाव हार रहे एक राष्ट्रीय दल का दुर्दिन-काल है। कांग्रेस से किसी भी बड़े नेता का पार्टी छोड़कर चले जाना अब किसी को हैरत में नहीं डालता। कल जब पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल ने पार्टी को नमस्कार करने का एलान किया, तो हैरानी इसलिए भी नहीं हुई, क्योंकि लंबे समय से वह उसी रास्ते पर बढ़ते दिख रहे थे, जो कांग्रेस से बाहर जाता है। कांग्रेस के भीतर वह उस जी-23 गुट के सबसे मुखर नेताओं में थे, जो पार्टी में बदलाव को लेकर काफी समय से बगावती तेवर दिखा रहा था। हालांकि, पार्टी के नेतृत्व की भूमिका से नेहरू-गांधी परिवार को हटाने की बात कहकर सिब्बल जिस हद तक चले गए थे, उतना आगे जाने की हिम्मत उस गुट का कोई और नेता नहीं कर पाया। फिर उनको लेकर अटकलें उस समय ही शुरू हो गई थीं, जब कांग्रेस ने उदयपुर में अपने चिंतन शिविर का आयोजन किया था। कपिल सिब्बल इस आयोजन में शामिल नहीं हुए थे। अब पता चल रहा है कि चिंतन शिविर जिस दिन खत्म हुआ, उसके अगले ही दिन उन्होंने कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी से मिलकर उन्हें अपना इस्तीफा सौंप दिया था।

> “ नए अवसरों की तलाश में किया गया दलबदल भारतीय राजनीति के लिए अब कोई नई बात नहीं है। लेकिन यहां पर एक ऐसी राष्ट्रीय पार्टी का खाता लगातार खाली होता जा रहा है, जिसने सबसे लंबे समय तक देश पर शासन किया है। चिंतन शिविर और आत्म-निरीक्षण जैसी कवायदें भी फिलहाल बहुत काम आती नहीं दिख रहीं।

इस इस्तीफे की जानकारी उन्होंने बुधवार को तब दी, जब वह उत्तर प्रदेश से राज्यसभा का परचा दाखिल करने के लिए लखनऊ में नमूदार हुए। पर्चा दाखिल करते समय उनके साथ समाजवादी पार्टी के कई बड़े नेताओं सहित सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव खुद मौजूद थे। सिब्बल के आस-पास जिस तरह से लाल टोपी वालों का मजमा जुटा था, उससे यह पूरी तरह सपा का आयोजन ही लग रहा था। सिब्बल सपा के समर्थन से राज्यसभा का चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन उन्होंने यह भी साफ कर दिया है कि वह पार्टी में शामिल नहीं हो रहे और स्वतंत्र उम्मीदवार के तौर पर ही अपनी नई पारी खेलेंगे। समाजवादी पार्टी जिस तरह से उनका साथ दे रही है, उसे देखते हुए सिब्बल की जीत में कोई बहुत ज्यादा शक भी नहीं है। फिर शायद इस बात का भी बड़ा अर्थ नहीं रह जाता कि वह पार्टी में शामिल नहीं हो रहे हैं। सपा से उनका रिश्ता अभी तक एक पेशेवर वकील के तौर पर ही रहा है। हाल ही में पार्टी नेता आजम खान को सुप्रीम कोर्ट से जमानत दिलवाने में बतौर वकील उन्होंने बड़ी भूमिका निभाई थी। मुलायम सिंह यादव के खिलाफ जो कुछ मामले चल रहे हैं, उनमें भी कपिल सिब्बल वकील की भूमिका में हैं। वकील और मुवक्किल के पेशेवर रिश्तों का राजनीतिक रिश्तों में बदल जाना भारतीय राजनीति के लिए नया भी नहीं है।

पिछले कुछ समय में कांग्रेस छोड़कर जाने वाले तमाम नेताओं के विपरीत कपिल सिब्बल ने पार्टी या उसके नेतृत्व के खिलाफ कोई कटुता नहीं दिखाई। उतनी भी नहीं, जितनी वह जी-23 के नेता के तौर पर दिखाते रहे। हो सकता है कि कांग्रेस नेतृत्व ने इसे लेकर राहत की सांस ली हो, लेकिन एक के बाद एक वरिष्ठ नेताओं का पार्टी छोड़कर जाने से उसकी छवि जिस तरह से आहत हो रही है, उसे लेकर उसमें जो चिंता दिखनी चाहिए, वह कहीं नजर नहीं आ रही। नए अवसरों की तलाश में किया गया दलबदल भारतीय राजनीति के लिए अब कोई नई बात नहीं है। लेकिन यहां पर एक ऐसी राष्ट्रीय पार्टी का खाता लगातार खाली होता जा रहा है, जिसने सबसे लंबे समय तक देश पर शासन किया है। चिंतन शिविर और आत्म-निरीक्षण जैसी कवायदें भी फिलहाल बहुत काम आती नहीं दिख रहीं।

## फौरी बैंड-एड लगा है

समस्या इतनी गहरी है कि हलकी राहत से उसका समाधान नहीं होना है। थोड़ी-बहुत राहत से महंगाई और इससे जुड़ी समस्याओं पर मामूली फर्क ही पड़ेगा। इसलिए जरूरी है कि सरकार इस समस्या पर समग्रता से विचार करे। केंद्र सरकार ने पेट्रोल, डीजल, उवर्रक और कारखानों में इस्तेमाल होने वाली कई अन्य आयातित वस्तुओं पर सस्ता करने के लिए टैक्स घटाए। उसके बाद कई राज्यों ने भी पेट्रोल-डीजल पर अपने हिस्से का कर घटाया है। यह सही दिशा में कदम है। इसका स्वागत किया जाएगा। लेकिन यह स्पष्ट है कि ये कदम पर्याप्त नहीं है। और उस हाल में तो बिल्कुल नहीं, जब क्रमिक रूप से पेट्रोल-डीजल के दाम में बढ़ोतरी को जारी रखा जा रहा है। इसका असर यह हो सकता है कि अगले कुछ दिनों में अभी मिली राहत बेअसर हो जाए। बहरहाल, अगर ऐसा ना हो, तब भी समस्या इतनी गहरी है कि हलकी राहत से उसका समाधान नहीं होना है। एक तो इस बार की महंगाई के पीछे वैश्विक पहलू हैं, दूसरी तरफ देश के अंदर आम लोगों की औसत आय और उपभोग पहले ही इतना टूट चुके हैं कि थोड़ी-बहुत राहत से महंगाई और इससे जुड़ी समस्याओं पर मामूली फर्क ही पड़ेगा।

> “ जाहिर है, उच्च क्षमतावान और साझा हितों वाले राष्ट्रों को समय की जरूरत को देखते हुए आगे बढना होगा। भारत को इनमें से एक राष्ट्र होना ही चाहिए। यह इसके विकास, आत्मविश्वास और विश्व-दृष्टिकोण को देखते हुए एक स्वाभाविक समझ है। दुनिया को एक परिवार मानते हुए भारतीय हितों को केंद्र में रखने के मोदी सरकार के दृष्टिकोण को भी क्वाड जाहिर करता है। देखा जाए, तो टोक्यो शिखर सम्मेलन इस नजरिये की ताजा स्वीकृति है।

# समर्थ देशों की आपसी साझेदारी

एस जयशंकर, विदेश मंत्री, भारत सरकार



अपने आठ साल पूरे कर रही मोदी सरकार की प्रमुख कूटनीतिक उपलब्धियों में एक क्वाड की मजबूती भी है। अभी-अभी टोक्यो में दूसरी बार इसके नेताओं ने आमने-सामने मुलाकात की। कुछ मायनों में एक समूह के तौर पर क्वाड का गठन पूर्व नियोजित था, क्योंकि यह उन महत्वपूर्ण रिश्तों से जुड़ा है, जो शीत युद्ध की समाप्ति के बाद विकसित हुए हैं। मगर जिस रणनीतिक दृष्टि और कूटनीतिक कौशल ने इसे संभव बनाया है, उसे इसका उचित श्रेय जरूर मिलना चाहिए।

एक मंच के रूप में क्वाड और एक क्षेत्र के रूप में हिंद-प्रशांत (इंडो-पैसिफिक) बताते हैं कि यह दौर वैश्वीकरण का है। ये स्पष्ट करते हैं कि हिंद और प्रशांत महासागरों को अब अलग-अलग विभाजित नहीं किया जा सकता। ये समकालीन अवधारणाएं हैं, जो एशिया के उदय, बड़ी शक्तियों के रुख में बदलाव, उनकी बदली क्षमताएं व दृष्टिकोण, आपूर्ति श्रृंखला की प्रकृति और प्रौद्योगिकी व कनेक्टिविटी की महत्ता को दर्शाती हैं। भारतीय नजरिये से यह हिंद महासागर से परे इसके बढ़ते हितों की एक अभिव्यक्ति है।

क्वाड के कुछ आलोचकों ने जान-बूझकर शीत युद्ध वाली छवि पेश करने की कोशिश की है। मगर अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ भारत की यह साझेदारी उनकी वास्तविक क्षमताओं पर आधारित है। क्वाड के सभी सदस्य देश लोकतांत्रिक राजनीति, बाजारवादी अर्थव्यवस्था और बहुलवादी समाज को जीते हैं। इस नैसर्गिक जुड़ाव के अलावा, आपसी संबंधों के संरचनात्मक पहलुओं में समानता भी इस मंच को मजबूती प्रदान करती है। इसमें शिखर सम्मेलन स्तर के नियमित आयोजन होते हैं, और एक-दूसरे के साथ रक्षा व विदेश मंत्रियों की 'टू प्लस टू' बैठकें होती हैं। इतना ही नहीं, चारों देश आसियान के नेतृत्व वाले मंचों के भी सदस्य हैं, जिनमें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन, आसियान क्षेत्रीय मंच और रक्षा मंत्रियों की बैठक उल्लेखनीय हैं। जहां तक हिंद-प्रशांत का संबंध है, क्वाड देश आसियान की केंद्रीय भूमिका को दृढ़ता से स्वीकारते हैं। वे अन्य साझीदारों के साथ कई त्रिपक्षीय समूहों का हिस्सा हैं। ये सभी एक-दूसरे को लॉजिस्टिक मदद देते हैं, जिससे समुद्री सुरक्षा के लिहाज से एक बेहतर समन्वय बनता है। 'यूएनसीएलओएस 1982' के लिए भी उनकी साझा प्रतिबद्धता महत्वपूर्ण है, जिसे महासागरों का संविधान कहा जाता है।

क्वाड के कामकाज में वैश्वीकरण के परिणामों, वैश्विक जरूरतों और हिंद-प्रशांत में बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के बावजूद साझा हितों को ध्यान में रखा गया है। मालाबार नौसैनिक अभ्यास को अक्सर इसकी प्रमुख गतिविधि बताई जाती है, लेकिन यह इस समूह के साथ अन्याय है, क्योंकि यह वैश्विक कल्याण में भी व्यापक योगदान देता है।

जैसा कि टोक्यो शिखर सम्मेलन बताता है कि समूह का एजेंडा तेजी से आगे बढ़ा है। क्वाड महत्वपूर्ण उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में आपसी सहयोग कायम करता है, एक वैविध्यपूर्ण खुले दूरसंचार पारिस्थितिकी तंत्र को प्रोत्साहित करता है और सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन पर चर्चा करता है। यह पर्यावरण हितैषी नौपरिवहन गलियारे को बढ़ावा देता है, हरित हाइड्रोजन पर सहयोग का समर्थन करता है और आपदाओं से उबरने के बेहतर तरीके तैयार करने को लेकर जागरूकता पैदा करता है। टिकाऊ बुनियादी ढांचे व पारदर्शी कनेक्टिविटी पर भी इसके सामूहिक प्रयास सराहनीय हैं।

महामारी को देखते हुए क्वाड के लिए वैक्सीन साझेदारी को आगे बढ़ाना स्वाभाविक है। 'स्टेम फेलोशिप' सदस्य देशों के बीच शैक्षिक जुड़ाव को दर्शाती है, तो 'डाटा सैटेलाइट पोर्टल' अंतरिक्ष संबंधी जुड़ाव को। वर्ष 2004 की सुनामी के इतिहास को देखते हुए मानवीय सहायता और आपदा से निपटने में सहयोग की इसकी पहल नई है। आतंकवाद की रोकथाम व साइबर सुरक्षा जैसे विषयों पर भी इसके कामकाज का विस्तार किया गया है, जो महत्वपूर्ण है।

टोक्यो शिखर सम्मेलन बेहद सफल आयोजन रहा है, जिसने न सिर्फ क्वाड की अब तक की यात्रा का महत्व निरूपित किया, बल्कि भविष्य में इसके विकास की क्षमता को भी रेखांकित किया है। क्वाड सदस्यों ने अगले पांच वर्षों में हिंद-प्रशांत में 50 बिलियन डॉलर से अधिक की बुनियादी ढांचागत सहायता और निवेश के प्रति प्रतिबद्धता जताई है। क्लाइमेट एक्शन के संबंध में 'क्वाड क्लाइमेट चेंज ऐंड एडेप्टेशन मिटिगेशन पैकेज' की शुरुआत भी महत्वपूर्ण है। क्वाड साइबर सुरक्षा दिवस मनाने का फैसला डिजिटल चिंताओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने को लेकर किया गया है। 5जी आपूर्तिकर्ता विविधीकरण और ओपन-आरएएन पर बनी आपसी समझ से इस क्षेत्र में दूरसंचार को सुरक्षित बनाने में मदद मिलेगी।

शिखर सम्मेलन से इतर दो अन्य उल्लेखनीय पहल का जिक्र भी यहां जरूरी है, जो बताती हैं कि क्वाड ने किस तरह से व्यापक क्षेत्रीय सहयोग में मदद की है। 'इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क' की पहल से व्यापार, आपूर्ति श्रृंखला, बुनियादी ढांचे और वित्त में साझा हितों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसी तरह, समुद्री क्षेत्र में 'इंडो-पैसिफिक पार्टनरशिप फॉर मैरीटाइम डोमेन अवेयरनेस' प्राकृतिक आपदा के दौरान मदद और गैर-कानूनी रूप से मछली पकडने् जैसी चुनौतियों से निपटने में क्षेत्रीय भागीदारी सुनिश्चित करेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों में कहें, तो क्वाड का मकसद वैश्विक भलाई है। इसके लिए एक सहयोग भरे प्रयास की दरकार होगी। जाहिर है, उच्च क्षमतावान और साझा हितों वाले राष्ट्रों को समय की जरूरत को देखते हुए आगे बढना होगा। भारत को इनमें से एक राष्ट्र होना ही चाहिए। यह इसके विकास, आत्मविश्वास और विश्व-दृष्टिकोण को देखते हुए एक स्वाभाविक समझ है। दुनिया को एक परिवार मानते हुए भारतीय हितों को केंद्र में रखने के मोदी सरकार के दृष्टिकोण को भी क्वाड जाहिर करता है। देखा जाए, तो टोक्यो शिखर सम्मेलन इस नजरिये की ताजा स्वीकृति है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# निकहत जरीन जैसी कामयाबी बदलेगी हमारी खेल-संस्कृति

मनोज चतुर्वेदी, वरिष्ठ खेल पत्रकार



हमारे देश में समय-समय पर महिला खिलाड़ी सुर्खियां बटोरती रही हैं। आजकल इसमें एक नया नाम महिला बॉक्सर निकहत जरीन का जुड़ा है। और इसकी वजह है, तमाम मुश्किलों से पार पाते हुए उनका विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतना! यह बात अब जगजाहिर है कि इस खेल को अपनाते समय निकहत को तमाम मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। वह जिस समाज से ताल्लुक रखती हैं, उसमें लड़कियों के छोटे कपड़े पहनने को सही नहीं माना जाता था। लेकिन पिता मोहम्मद जमील के सहयोग से इन बाधाओं को पार कर निकहत इस मुकाम तक पहुंच सकी हैं। ऐसे में, उनके गौरवान्वित पिता की यह बात बिल्कुल वाजिब है कि वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड जीतना एक ऐसी कामयाबी है, जो मुस्लिम ही नहीं, देश की हरेक लड़की को सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी।

यह सही है कि हर खिलाड़ी की सफलता युवाओं को उस खेल विधा को अपनाने के लिए प्रेरित करती है। जैसे, मैरीकॉम की सफलता ने निकहत को मुक्केबाज बनने के लिए प्रेरित किया। पर असली सवाल यही है कि देश में कैसे ऐसा माहौल बनाया जाए, ताकि लड़कियां बिना झिझक खेलों में आ सकें और उनकी प्रतिभा को तराशने का काम सहजता से हो सके? इसके लिए सबसे जरूरी है, उनके परिवार का उनकी सुरक्षा को लेकर आश्वस्त होना। इसी तरह, महिला खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए जरूरी है, तैयारी के दिनों में उनकी आर्थिक मदद करना। ऐसा नहीं है कि मुश्किलों को पार कर शिखर पर पहुंचने वाली निकहत देश की कोई पहली महिला खिलाड़ी हैं। इस सूची में पीटी उषा से लेकर हिमा दास, सानिया मिर्जा, साइना नेहवाल और मैरीकॉम जैसे ढेरों नाम शामिल हैं। इन सभी ने कठिन बाधाओं को पार कर अपने-अपने खेल में अपना मुकाम बनाया। इसमें कोई दो राय नहीं कि आज लगभग हर खेल में देश की बेटियां उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। लेकिन उनके आगे आने की रफ्तार लड़कों जैसी कतई नहीं है। इसकी एक प्रमुख वजह तो यही है कि हमारे यहां आम घरों में आज भी लड़कियों के खेल में करियर बनाने को लेकर कोई खास उत्सुकता नहीं दिखती। दूसरा कारण, महिला खेल, पुरुष खेलों की तरह आर्थिक तौर पर मजबूत भी नहीं बनाते। यह सही है कि लड़कियों को पढ़ाने और उनकी नौकरी को लेकर समाज में जागरूकता बढ़ी है, पर उन्हें खेलों में भेजने को लेकर अब भी झिझक रहती है।

खेलों में लड़कियों के पिछड़ेपन की सबसे बड़ी वजह रही है सामाजिक सुरक्षा। इसीलिए ज्यादातर महिला खिलाड़ियों के शुरुआती करियर में माता-पिता के सहयोग की भूमिका अहम रहती है। सानिया मिर्जा हों या पीवी सिंधु, सभी के शुरुआती करियर में माता-पिता का अहम रोल रहा है। मुझे याद है, सानिया मिर्जा जब पहली बार विम्बलडन में जूनियर बालिका युगल खिताब जीतकर हैदराबाद लौटी थीं, तब उनके पिता इमरान मिर्जा ने बताया था कि शुरुआती दिनों में दक्षिण भारत के ज्यादातर टूर्नामेंट में वह अपनी जीप से ही उन्हें ले जाते थे। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में इस दिशा में सुधार आया है, पर यह अब भी संतोषजनक नहीं है। प्रंरटर हिमा दास तो असम में नौगांव के करीब एक ऐसे परिवार की सदस्य हैं, जिसमें 16 सदस्य हैं और उनका जीवन आसान नहीं था। लेकिन पक्के इरादे वाली हिमा घर के पास के मैदान में अभ्यास करती रहीं। लेकिन बरसात में मैदान में पानी भर जाता था, जिससे महीनों अभ्यास बंद हो जाता। यह उनका सौभाग्य था कि जनवरी 2017 में गुवाहाटी में लगे राज्य एथलेटिक्स शिविर में कोच निपुन दास की उन पर निगाह पड़ गई और वह हिमा के पिता को किसी तरह राजी करके उन्हें अपने पास प्रशिक्षण के लिए ले आए। इसका ही परिणाम था कि हिमा 2019 में लगातार पांच अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीत सकीं।

हमारे यहां एक दिक्कत यह भी है कि खेल सुविधाएं बड़े शहरों में केंद्रित हैं, और आर्थिक रूप से मजबूत शहरी लोगों के बच्चे खेलों में कम ही आते हैं। यदि आते भी हैं, तो उनके खेल टेनिस, बैडमिंटन और स्क्वैश होते हैं। यदि पिछले कुछ सालों में निकलीं महिला खिलाड़ियों पर हम नजर डालें, तो पता चलता है कि इनमें से ज्यादातर छोटे कस्बों या गांवों से ताल्लुक रखती हैं। इनमें से ज्यादातर की आर्थिक स्थिति कोई बहुत अच्छी नहीं थी। इन्हें उचित अभ्यास के लिए घर से दूर जाने के लिए खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

सरकार यदि खेल सुविधाओं को गांवों और छोटे कस्बों तक ले जाए, तो हमें पीटी उषा के बाद हिमा दास या दुती चंद तब पहुंचने में दशकों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। हमारे यहां महिला प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरूरत उन्हें तलाश कर तराशने की है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

### श्रीमती अंजली जैन की कलम से...





कहां जाओगे
कहां नही
जाओगे, लौटना
मुश्किल न हो
जाये ऐसे रहो
अपने आप में।

-अंजली जैन
7024460938

# भाजपा राहुल को धन्यवाद दे

वेद प्रताप वैदिक

राहुल गांधी ने लंदन जाकर भारत की राजनीति, सरकार, संघवाद, विदेश मंत्रालय आदि के बारे में जो बातें कहीं, वे नई नहीं हैं लेकिन सवाल यह है कि उन्हें विदेशों में जाकर क्या यह सब बोलना चाहिए? भारत में रहते हुए वे सरकार की निंदा करें, यह बात तो समझ में आती है, क्योंकि वे ऐसा न करें तो विपक्ष का धंधा ही बंद हो जाएगा। भारत का विपक्ष इतना टटपूंजिया हो गया है कि उसके पास निंदा के अलावा कोई धंधा ही नहीं बचा है। उसके पास न कोई विचारधारा है, न सिद्धांत है, न नीति है, न कार्यक्रम है, न जन-आंदोलन के कोई मुद्दे हैं। उसके पास कोई दिखावटी नेता भी नहीं हैं।

जो नेता हैं, वे कालिदास और भवभूति के विदूषकों को भी मात करते हैं। उनकी बातें सुनकर लोग हंसने के अलावा क्या कर सकते हैं? जैसे राहुल गांधी का यह कहना कि भारत-चीन सीमा का विवाद रूस-यूक्रेन युद्ध का रूप भी ले सकता है। ऐसा मजाकिया बयान जो दे दे, उसे कुछ खुशामदी लोग फिर से कांग्रेस-जैसी महान पार्टी का अध्यक्ष बनवा देना चाहते हैं। जो व्यक्ति भारत की तुलना यूक्रेन से कर सकता है, आप अंदाज लगा सकते हैं कि उसके माता-पिता ने उसकी पढ़ाई-लिखाई पर कितना ध्यान दिया होगा?

कोई जरुरी नहीं है कि हर नेता अंतरराष्ट्रीय राजनीति का विशेषज्ञ हो लेकिन वह यदि अखबार भी ध्यान से पढ़ ले और उन्हें न पढ़ सके तो कम से कम टीवी देख लिया करे तो वह ऐसी बेसिर-पैर की बात कहने से बच सकता है। भारतीय राजनीति परिवारवाद और सत्ता के केंद्रीयकरण से ग्रस्त है, इसमें शक नहीं है लेकिन उसका विरोध करने की बजाय राहुल ने भारत को विभिन्न राज्यों का संघ बता दिया। इसका अर्थ क्या हुआ? याने भारत एकात्म राष्ट्र नहीं है। ऐसा कहकर क्या अलगाववाद को प्रोत्साहित नहीं किया जा रहा है?

इसी तरह पाकिस्तान की वर्तमान स्थिति की तुलना भारत से करने की तुक क्या है? भारत में कोई सरकार कभी अपनी फौज के इशारों पर नाची है? यह कहना बिल्कुल गलत है कि भारत के अखबारों और टीवी चैनलों पर भारत सरकार का 100 प्रतिशत कब्जा है। क्या आज भारत में आपात्काल (1975-77) जैसी स्थिति है? जो पत्रकार और अखबार मालिक खुशामदी हैं, वे अपने स्वार्थों की वजह से हैं। जो निष्पक्ष और निर्भीक हैं, उन्हें छूने की हिम्मत किसी की भी नहीं है।

भाजपा सरकार के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री पर घमंडी होने का आरोप भी लगाया जाता रहा है लेकिन यही आरोप तो आज कांग्रेस के नेतृत्व को तबाही की तरफ ले जा रहा है। हमारे विदेश मंत्रालय के अफसरों पर आक्षेप करना भी उचित नहीं है। वे अत्यंत शिष्ट और उचित व्यवहार के लिए सारी दुनिया में जाने जाते हैं। कुछ भाजपा नेताओं ने राहुल के आरोपों का मुंहतोड़ जवाब देने की कोशिश भी की है।





स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239

























# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़







## पुलिस जवानों के कड़े परिश्रम और त्याग से ही शांति स्थापित हो रही- मुख्यमंत्री

### रक्षित केंद्र, पुलिस लाइन जगदलपुर में आवासीय परिसर आमचो कुटुंब का किया लोकार्पण

श्रीकंचपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रक्षित केंद्र, पुलिस लाइन जगदलपुर में बस्तर पुलिस के आवासीय परिसर का लोकार्पण किया। इस परिसर में 168 आवास बनाए गए हैं। जिनमे अराजपत्रित पुलिस अधिकारी, प्रधान आरक्षक एवं आरक्षक परिवार निवास करेंगे। इस आवासीय परिसर को आमचो बस्तर का नाम दिया गया है।



मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पुलिस परिवारों से भेंट मुलाकात के दौरान कहा कि आप पुलिस जवानों के त्याग और परिश्रम से ही बस्तर में शांति स्थापित हो रही है। शांति स्थापित होने से आम जन सुकून का जीवन जीते है। यहां बस्तर रेंज मुख्यालय में सभी सातों जिलों के साथ ही अन्य जिलों से भी पुलिस जवान अपनी सेवा देने आते हैं। शासकीय आवास की कमी के कारण वे अपने परिवार से दूर रहते है। अब यहां आवासीय व्यवस्था हो जाने से जवानों का मनोबल बढ़ेगा, वे परिवार के साथ अधिक समाय व्यतीत कर पायेंगे। इससे उनकी कार्य कुशलता में भी बढ़ोतरी होगी।

मुख्यमंत्री ने प्रधान आरक्षक श्रीमती बिजो लकड़ा की मांग पर, बस्तर संभाग के सातों जिलों में आमचो पुलिस कैंटीन की घोषणा की है। जिससे वीआईपी दौरे, या अन्य बड़े कार्यक्रम के दौरान ड्यूटी रत जवानों के लिए भोजन की सुलभ व्यवस्था की जा सकेगी।

### मेधावी छात्रों को किया पुरस्कृत

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने शहीद विनोद चौबे छात्रवृत्ति से कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले साहिल कश्यप और तेजस्विनी कुंजाम को 36 हजार रुपए का चेक प्रदान कर पुरस्कृत किया। इसीप्रकार कक्षा 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवराज कुर्रे और नम्रता गागड़े को 24 हजार रुपए का चेक प्रदान किया।

## बाड़ी विकास कार्यक्रम से ज्यादा से ज्यादा किसानों को लाभान्वित करें - अध्यक्ष पटेल

श्रीकंचपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य शाकंभरी बोर्ड के अध्यक्ष राम कुमार पटेल ने आज धमतरी में उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बाड़ी विकास छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है। इसके तहत ज्यादा से ज्यादा किसानों को लाभान्वित करने का प्रयास विभाग द्वारा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य में सुराजी गांव योजना के बाड़ी विकास कार्यक्रम के तहत अब तक राज्य में लगभग एक लाख व्यक्तिगत बाड़ियां तथा 3700 से अधिक सामुदायिक बाड़ियां विकसित की गई हैं। सामुदायिक बाड़ियों का संचालन महिला समूह द्वारा किया जा रहा है और सब्जी-भाजी का उत्पादन कर वह बेहतर लाभ अर्जित कर रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को गौठानों की रिक्त भूमि में सामुदायिक बाड़ियों के विकास के साथ ही ग्रामीणों के घर से लगी भूमि में भी बाड़ी विकास के कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीण इलाकों में सब्जी, फल- फूल उत्पादन को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य सिर्फ लोगों आय को बेहतर बनाना नहीं बल्कि ग्रामीण अंचल में पोषण के स्तर का भी सुधार करना है। जब गांवों में विभिन्न प्रकार की साग- सब्जियां, मौसमी फल उपलब्ध होंगें तो लोगों को सहज रूप से खाने को मिलेंगे। इसके सेवन से उनका पोषण स्तर सुधरेगा और छत्तीसगढ़ कुपोषण से मुक्त होगा।

अध्यक्ष पटेल ने अधिकारियों को नियमित रूप से ग्रामीण इलाकों का दौरा कर उद्यानिकी क्षेत्र विस्तार के लिए कृषकों को प्रेरित करने को कहा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में उद्यानिकी फसलों की खेती की अपार संभावनाएं है और इस को बढ़ावा देकर हम किसानों की माली हालत को बेहतर बना सकते हैं। बैठक में विभागीय योजनाओं कार्यक्रमों के तहत उद्यानिकी फसलों की खेती के लिए किसानों को दी जाने वाली सुविधाएं उन तक पहुंचाने के भी निर्देश दिए गए।

यह समीक्षा बैठक शासकीय उद्यान रोपनी बिंद्रा नवागांव धमतरी में हुई।

## खास खबर

### छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से लोगों के जीवन में आया बदलाव

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ सरकार की विकास प्रदर्शनी में जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों की फोटो को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित की गई है। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग विकास प्रदर्शनी देखने प्रतिदिन पहुंच रहे हैं। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से लोगों के जीवन में आये बदलाव को फोटो के माध्यम से जीवंतप्रदर्शित किया गया है। इसके अलावा राम वनगमन पर्यटन परिपथ भी लोगों का मन मोह रहा है। आज बुधवार को धमतरी जिले के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों सहित विभिन्न आयु-वर्ग के लोगों ने विकास प्रदर्शनी को देखा और सराहना भी की। धमतरी जिले के पंचायत प्रतिनिधियों में ग्राम पंचायत पठार के सरपंच निरेन्द्र निर्मलकर, ग्राम पंचायत कमरौद के सरपंच नेहरूराम साहू, भरदा सरपंच श्रीमती गेंदाबाई ध्रुव, मडेली के सरपंच श्रीमती उमाबाई, ग्वाननाला सरपंच घासीराम नेताम, दरबा सरपंच श्रीमती सीमा बघेल, चटौद श्रीमती सीता साहू, मोदे मिथलेश, खरतुली दिनेश सिन्हा, बगदेई रामचंद्र साहू, कोसमर्रा ओमप्रकाश साहू, कोलियारी तुलसीराम मंडावी, सेजबहार अमन सिंघवकर, किशोरा गिरेश कुमार परेवाडीह, श्रीमती कौशिल्या बाई, परसट्टी से तोमन साहू, हसदा से जगदीश साहू दतरेंगा से कामराज साहू, कान्दुल से यशवंत लहरे, मुजगहन श्रीमती पार्वती ध्रुव, छाती राकेश देवांगन, धनेली सुदीप कुमार के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने छत्तीसगढ़ सरकार की सुराजी गांव योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य दाई, दीदी, क्लीनिक योजना, मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना, नरवा गरवा, घुरवा और बारी आदि का सराहना करते हुए कहा कि इन योजनाओं से आम लोग लाभान्वित हो रहे हैं। इस दौरान रायपुर जिले के धरसींवा विकासखण्ड के निर्वाचित जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिकों ने भी विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## नगरनार स्टील प्लांट को निजी हाथों में जाने नहीं देंगे- भूपेश बघेल

### हमारी बेटियों को स्टील प्लांट में देनी होगी नौकरी, नानगुर को पूर्ण तहसील का दर्जा, महाविद्यालय तथा स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम भी खुलेगा

श्रीकंचपथ न्यूज

रायपुर। नगरनार स्टील प्लांट को निजी हाथों में जाने नहीं देंगे। इसे किसी भी सूरत में बिकने नहीं देंगे। चाहे इसे केंद्र सरकार चलाये या छत्तीसगढ़ सरकार चलाये। नानगुर में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने यह बात अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि नगरनार में स्थानीय लोगों के हितों और सरोकार से मैं हमेशा से जुड़ा रहा हूँ। धरना भी दिया हूं और पदयात्रा भी की है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरनार प्लांट प्रबंधन को हमारी बेटियों को नौकरी देनी होगी। इस दौरान स्थानीय लोगों ने नगरनार में मुख्यमंत्री से कालेज खोलने की माँग की। मुख्यमंत्री ने कहा कि कालेज प्लांट प्रबंधन से ही खुलवाएंगे। उन्होंने हमारे लोगों की जमीन ली है तो कालेज भी उन्हें ही खोलना होगा। मुख्यमंत्री ने नानगुर में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। ग्रामीणों ने कहा कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। एक लाख भी जीवन में नहीं देखा था, इस साल सीजन में बारह लाख का किया सौदा- वनधन योजना की हितग्राही सुमन बघेल ने मुख्यमंत्री को बताया कि वनोपज का अच्छा शासकीय रेट दिलाने की योजना ने पूरे क्षेत्र में संग्राहकों को बड़ा लाभ दिलाया है। हम लोग हाटबाजारों में जाते हैं और संग्राहकों से सरकारी दर पर खरीदी करते हैं। इतना अच्छा मूल्य मिलने से वे लोग काफी उत्साहित हैं। हमने तो अपने जीवन में एक लाख रुपए भी नहीं देखा था और अब एक सीजन में बारह लाख रुपए का सौदा कर रहे हैं। हर्रा, बेहड़ा, गिलोय और ईमली की हम लोग बड़ी मात्रा में खरीदी कर रहे हैं। पहले बाजार में इमली 25 रुपए में बिकती थी अब इसका 35 रुपए मूल्य संग्राहकों को मिल रहा है। अपने खेतों में उगा भुट्टा मुख्यमंत्री को भेंट करने लाई साधना- मुख्यमंत्री के भेंट मुलाकात कार्यक्रम से स्थानीय लोग काफी उत्साहित हैं। विशेष रूप से आजीविकामूलक गतिविधियों के माध्यम से सशक्त महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण भेंट मुलाकात में दिख रहा है। आज नानगुर में भी ऐसा ही क्षण आया जब यहां की ग्रामीण महिला साधना कश्यप उठी और बताया कि किस तरह वे गौठान से जुड़कर और खेती कर आर्थिक रूप से समृद्ध हो रही हैं। साधना ने बताया कि मैंने अपने खेतों में भुट्टा लगाया है और आपको भेंट देने आई हूँ। मुख्यमंत्री ने इस भेंट पर बहुत खुशी जताई और साधना की प्रशंसा की। साधना ने बताया कि वे चांदनी स्वसहायता समूह से हैं और उनका समूह गौठान में एक लाख अस्सी हजार रुपए मूल्य का वर्मी कंपोस्ट बेच चुका है।

नानगुर बनेगा पूर्ण तहसील, खुलेगा थाना भी- इस दौरान मुख्यमंत्री ने नानगुर के विकास के लिए महत्वपूर्ण घोषणा भी की। उन्होंने नानगुर उपतहसील को पूर्ण तहसील बनाने की घोषणा की। यहां उन्होंने महाविद्यालय आरंभ करने, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल आरंभ करने और सहकारी बैंक की शाखा आरंभ करने की घोषणा भी की। नानगुर में थाना भी खुलेगा। 108 एंबुलेंस की सुविधा भी नानगुर को मिलेगी। शहीद गुंडाधुर की जन्मभूमि नेतानार में हाईस्कूल को हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन करने की घोषणा भी मुख्यमंत्री ने की।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने चौपाल में लोगों से चर्चा के दौरान पनारापारा, भैरमगंज, बाण्डापारा, पोडागुड़, धनखोजी तथा तुरेनार के हाई स्कूलों को भी हायर सेकेण्डरी स्कूल बनाने की घोषणा की। उन्होंने इसके अलावा जगदलपुर शहर में एक अतिरिक्त स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की स्थापना की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि जनसुविधाओं के विस्तार के लिए नेशनल हाइवे से लाल बाग तक सड़क का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा चंद्रशेखर आजाद वार्ड में भूतहा तालाब का सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जाएगा। उन्होंने महारानी लक्ष्मी बाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या क्रमांक 01 जगदलपुर के लिए नए भवन के निर्माण की भी घोषणा की।

## दिव्यांगजनों के आंकलन व प्रमाणीकरण के लिए विशेष शिविर का आयोजन

श्रीकंचपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** समाज कल्याण विभाग द्वारा आजादी से अंत्योदय तक अभियान के अंतर्गत 30 मई 2022 से 20 जून 2022 तक सुबह 10 बजे से जनपद पंचायत के विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व पंचायत भवन में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में जिन दिव्यांगजनों का यूडीआईडी कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं बना है, उनका पंजीयन किया जाएगा।

दिव्यांगजन चिकित्सा प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, योग्यता प्रमाण पत्र की मूल एवं छायाप्रति, माता का नाम व दिव्यांगता दर्शित पासपोर्ट साईज एक फोटोग्राफके साथ शिविर में सरपंच व सचिव के माध्यम से अपने निकटतम शिविर में उपस्थित होकर अपना विशिष्ट पहचान पत्र, मेडिकल प्रमाण पत्र बनवा सकते हैं।

जनपद पंचायत मानपुर में 30 मई 2022 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र औंधी पंचायत भवन एवं 31 मई 2022 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खडग़ांव पंचायत भवन में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। जनपद पंचायत मोहला में 1 जून 2022 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गोटाटोला पंचायत भवन स्वास्थ्य केन्द्र मुढ़ीपार पंचायत भवन में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## वार्ड 21 कैलाश नगर कुरूद विद्युत सब स्टेशन में शिकायत निवारण केंद्र खोलने की मांग

श्रीकंचपथ न्यूज

भिलाई। वार्ड 21 कैलाश नगर कुरूद में स्थित विद्युत सब स्टेशन जो कि विगत कई वर्षों से संचालित है एवम आसपास के सभी वार्डों के विद्युत संबंधी कार्यों को संपादित करता है। इस सब स्टेशन के आसपास कैलाश नगर, कुरूद, ढांचा भवन, हाऊसिंग बोर्ड, इत्यादि घनी आबादी के क्षेत्र है।



जहां विद्युत संबंधी समस्या होने पर वैशाली नगर कार्यालय में संपर्क करना पड़ता है और बहुतायत वह शिकायत केंद्र अतिव्यस्त होने के कारण संपर्क करने में बहुत समय लग जाता है विशेषकर रात्रिकालीन समय में। उपरोक्त सभी क्षेत्र के रहवासियों के समीप स्थित कुरूद सब स्टेशन में शिकायत केंद्र स्थापित होने से संपर्क करना आसान होगा एवम त्वरित निवारण का लाभ आमजन को मिल सकेगा। आगामी वर्षा ऋतु के समय होने वाली विद्युत संबंधी परेशानियों के जल्दी निराकरण के लिए कुरूद सब स्टेशन में शिकायत केंद्र खोलने का मांग पत्र वार्ड पार्षद श्रीमति नेहा साहू ने कार्यपालन यंत्री आर के चंद्राकर को सौंपा।मांग पत्र सौंपते समय उप अभियंता श्रीमति सीमा बघेल जी (कुरूद सब स्टेशन) भी विशेष रूप से उपस्थित थी।

## ग्रामीणों का संबल बनी सुराजी गांव व गोधन न्याय योजना

### छत्तीसगढ़ के विकास की जीवंत छायाचित्र प्रदर्शनी को देखने बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं लोग

श्रीकंचपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में हो रहे विकास की चर्चा देश में ही नहीं विदेशों में भी हो रही है। गांवों के विकास और ग्रामीणों की खुशहाली का आधार बनी गोधन न्याय योजना, सुराजी गांव योजना एवं गौठान, राजीव गांधी किसान न्याय योजना सहित अन्य योजनाओं की आकर्षक छायाचित्र प्रदर्शनी 21 मई से जनसंपर्क विभाग द्वारा डीडीयू ऑडिटोरियम में लगायी गई है, जो 22 जून तक चलेगी।




प्रदर्शनी को देखने प्रतिदिन बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण, पंचायत पदाधिकारी एवं हर आयु वर्ग के नागरिकगण पहुंच रहे हैं। पंचायत पदाधिकारी एवं ग्रामीणजन छत्तीसगढ़ सरकार की फ्लैगशीप योजनाओं के माध्यम से गांवों और ग्रामीणों के जीवन में आ रहे बदलाव की भी चर्चा प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान करते है और प्रदर्शनी को सराहते है।

आज बुधवार को धमतरी जिले के पंचायत प्रतिनिधि विकास प्रदर्शनी देखने पहुंचे। धमतरी जिले के नगरी ब्लॉक के ग्राम पंचायत कौहाबाहरा के सरपंच श्री शिव प्रसाद नेताम ने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना कृषि क्षेत्र में एक क्रांति है। इस योजना के माध्यम से किसानों को मिल रही इनपुट सब्सिडी ने खेती को लाभप्रद बना दिया है। खेती-किसानी छोड़ चुके लोग भी अब खेती को अपनाने लगे है। खरीफ की सभी फसलों के लिए इनपुट सब्सिडी दिए जाने का प्रावधान कर छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में फसल विविधिकरण को बढ़ावा दिया है। इसके सुखद परिणाम होंगे। धान के अलावा छत्तीसगढ़ में अब दलहन, तिलहन सहित अन्य फसलों के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।

घोटगांव के उपसरपंच श्री कृष्ण नेताम ने कहा की गोधन न्याय योजना से गोबर अब गोधन बन गया है। इससे पशुपालन और आमदनी में वृद्धि हुई है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे श्री योगराज साहू, श्री युगल किशोर चंद्राकार, श्री वृतांत गर्ग एवं उनके साथियों ने कहा की प्रदर्शनी में शासकीय योजनाओं की अच्छी जानकारी मिल पा रही है। जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित बुक व ब्रोशर से लोगों को शासन की योजनाओं को समझने और उसका लाभ उठाने में मदद मिलेगी।

प्रदर्शनी को धमतरी जिले के नगरी ब्लॉक के ग्राम पंचायत करैहया के श्री गन्नू राम, घोटगाँव के श्री विनोद नाग सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधियों के आलावा रायपुर के सुश्री अपूर्वा शर्मा, सुश्री गुंजन शुक्ला एवं उनके साथियों ने भी प्रदर्शनी को सराहा।



## खास खबर

### विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए अभिव्यक्ति के अधिक अवसर दें: डॉ. एस. भारतीदासन

**रायपुर।** स्कूल शिक्षा सचिव डॉ. एस. भारतीदासन ने विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं अधिकारियों के उत्तरदायित्व को लेकर राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद में स्कूल शिक्षा विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। स्कूल शिक्षा सचिव ने कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए अभिव्यक्ति के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने होगे। इसके लिए कक्षा प्रारंभ होने के पूर्व 15 मिनट की प्रार्थना सभा का आयोजन प्रतिदिन किया जाना चाहिए। इसमें राष्ट्रगीत राष्ट्रगान राज्यगीत के अतिरिक्त समाचार पत्र के मुख्य बिन्दुओं का वाचन विद्यार्थियों को दिए गए शीर्षक- लोकगीत, लोकगाथा, लोककथा, लोकशिल्प इत्यादि पर अभिव्यक्ति हेतु अवसर दिए जाने चाहिए। प्रत्येक माह के अंत में ईकाई परीक्षा में सर्वोत्तम प्रदर्शन वाले विद्यार्थियों को प्रार्थना सभा आयोजन की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। डॉ. भारतीदासन ने राज्य की शिक्षा व्यवस्था को लेकर अपनी सजगता व्यक्त की है। उन्होंने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के लिए तैयार किए गए कैलेण्डर का अवलोकन कर हिंदी माध्यम विद्यालयों के लिए भी ऐसा ही कैलेण्डर तैयार किए जाने का निर्देश दिया गया। शिक्षा गुणवत्तापूर्ण मानीटरिंग के लिए जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सहित डीएमसी,बीआरसीएस, सहायक विकाखण्ड शिक्षा अधिकारी और संकुल समन्वयकों के लिए सम्यक जानकारी विषयक माड्यूल निर्माण, दिशा निर्देश एवं प्रशिक्षण के निर्देश दिए गए। डॉ. भारतीदासन ने कहा कि उपचारात्मक शिक्षण हेतु पृथक कार्यक्रम आयोजित न कर कालखण्ड में ही 15 मिनट विद्यार्थियों के बुनियादी कोशलो और कमजोर बिन्दुओं पर केन्द्रित किए जाने चाहिए। प्रत्येक ईकाई अध्यापन पश्चात् विद्यार्थियों का आकलन किया जाए।

### नगर निगमों में 10 करोड़, नगर पालिकाओं में 4 करोड़ और नगर पंचायतों में डेढ़ करोड़ तक की संपत्तियों के अंतरण का अधिकार अब कलेक्टरों को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने राज्य के नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में अचल संपत्तियों के अंतरण का अधिकार जिला कलेक्टरों को प्रत्यायोजित कर दिया है। सरकार द्वारा राजपत्र में इस संबंध में अधिसूचना का प्रकाशन भी कर दिया गया है। राज्य शासन द्वारा नगर निगमों में छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 80 की उपधारा (5) के परंतुक (द्वद्व) तथा छत्तीसगढ़ नगर के पालिक निगम (अचल संपत्ति का अंतरण) नियम, 1994 के अधीन शासन में निहित शक्तियों में से दस करोड़ रूपए तक की संपत्ति अंतरण की समस्त कार्यवाही का अधिकार जिला कलेक्टर को प्रत्यायोजित किया गया है। इसी तरह से छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 109(3)(दो) तथा छत्तीसगढ़ नगर पालिका (अचल संपत्ति का अंतरण) नियम, 1996 के अधीन शासन में निहित शक्तियों में से नगर पालिका परिषद् के मामलों में चार करोड़ रूपए तथा नगर पंचायत के मामले में डेढ़ करोड़ रूपए तक की संपत्ति के अंतरण की समस्त कार्यवाही का अधिकार जिला कलेक्टर को प्रत्यायोजित किया गया है।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों, नगर निगमों के आयुक्त तथा नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को सूचित करते हुए इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। राज्य शासन ने परिपत्र जारी कर नगर निगमों में सम्पत्तियों के अंतरण के लिए छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 80 तथा इसके संदर्भ में बनाए गए छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम (अचल संपत्ति का अंतरण) नियम 1994 तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों में छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम, 1961 की धारा 109 तथा इसके संदर्भ में बनाए गए छत्तीसगढ़ नगर पालिका (अचल संपत्ति का अंतरण) नियम 1996 के प्रावधानों का अवलोकन कर प्रत्यायोजित अधिकारों की सीमा तक नियमानुसार अंतरण की कार्यवाही करने कहा है।

## भेंट-मुलाकात अभियान

# छत्तीसगढ़ देश में दूसरा राज्य जो नेशनल पार्क क्षेत्र में देगा वन संसाधन मान्यता पत्र

### पर्यटन को बढ़ावा देने कोटमसर के आदिवासी युवाओं को 15 जिप्सी वाहन दिये जाएंगे

### मुख्यमंत्री ने जगदलपुर विधानसभा के मंगलपुर में की बड़ी घोषणा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ देश का दूसरा राज्य होगा, जो ओडिशा के बाद नेशनल पार्क क्षेत्र में वन संसाधन मान्यता पत्र दिए जाएंगे। इससे वनवासियों को रोजगार के साथ-साथ आय के लिए अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध होंगे।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यह घोषणा जगदलपुर विधानसभा के मंगलपुर में आयोजित भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान की। इसके साथ ही कोटमसर क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने आदिवासी युवकों को 15 जिप्सी वाहन दिये जाएंगे। सुकमा के दोरनापाल, कूकनार और तोंगपाल में भी स्वामी आत्मानंद स्कूल आरंभ किये जाएंगे। कनकापाल से लेदा और जीरम से एलमनार तक सड़क बनेगी। मावलीपदर, नेतानार, पंडरीपानी और माड़पाल में आदर्श देवगुड़ी की स्थापना होगी। मंगलपुर में मुख्यमंत्री से बाड़ी में फल-सब्जी का उत्पादन कर रही समूह की महिलाओं और किसानों ने संवाद किया और बताया कि बाड़ी प्रोत्साहन की योजनाओं से उनके आय में विशेष वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोग 65 प्रकार के लघु वनोपज खरीद रहे हैं। समर्थन मूल्य पर कोदो, कुटकी, रागी खरीद रहे हैं। इस पर मूल्य संवर्धन कर रहे हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री ने ग्रामीण नीलू बघेल के घर भोजन भी किया। ग्रामीणों को भेंट मुलाकात में बताया कि आज यहां का पपीता मैंने खाया है। बहुत अच्छा लगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने दिव्यांग बालिका काम्या को ट्रायसायकल प्रदान की।

मुख्यमंत्री ने दी सलाह, नेट लगाकर संग्रहण करें तो ज्यादा रेट मिलेगा- मुख्यमंत्री ने वनोपज संग्राहकों से विशेष रूप से चर्चा की। उन्होंने पूछा कि सबसे महंगा लघु वनोपज कौन सा है। ग्रामीण जनों ने बताया कि लाख सबसे कीमती वनोपज है इसकी कीमत 325 रुपए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सबसे कीमती वनोपज चिरौंजी चार है। नेट लगाकर इसका संग्रहण किया जाए तो ज्यादा रेट मिलेगा।

बंजर जमीन में पपीता लगाकर समूह ने किया 40 लाख का व्यवसाय- मंगलपुर की स्वसहायता समूह की सदस्य हेमवती कश्यप ने बताया कि उनके समूह में 43 महिलाएं हैं। शासन की बाड़ी योजना का लाभ लेने के लिए दस एकड़ में पपीता लगाया। लगभग 300 टन पपीते का उत्पादन 10 महीने में हो चुका है। यह पपीता 40 लाख रुपए में बेचा है और इससे 10 लाख रुपए की आय हुई है। हेमवती ने कहा कि समूह का ट्विटर एकाउंट भी है और इसमें हम नियमित पोस्ट भी करते हैं। आप भी हमारे पोस्ट लाइक करें और इन्हें रिट्वीट भी कीजिएगा।

कोल्हापुर में बिजली के लिए सर्वे हुआ, सीधे लाइन बिछाना संभव न हुआ तो सोलर से करें आपूर्ति- कोल्हापुर के ग्रामीणों ने बताया कि यहां 15 साल बाद बिजली का सर्वे हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि सीधे बिजली लाइन लगाना संभव न हो तो सोलर से बिजली की आपूर्ति करें। ग्रामीणों को बिजली को लेकर किसी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

लखपति नाग को ग्रीन नेट देने के दिये निर्देश, कहा अब करोड़पति बनेंगे- लखपति नाग ने बताया कि वे अपने खेत में सेमी उगा रहे हैं। वे मल्चिंग पद्धति से खेती कर रहे हैं और इससे अच्छा लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम आपको करोड़पति बनाएंगे। आपको ग्रीन नेट दिया जाएगा ताकि आपकी आय तेजी से बढ़ सके। तीरथगढ़ की खूबसूरती को निहारने बना नेचर ट्रेल-कांगेर वैली के खूबसूरत तीरथगढ़ जलप्रपात की सुंदरता को बेहतरीन व्यू से निहारते रहने नेचर ट्रेल बनाया गया है। 2 करोड़ 59 लाख रुपए की लागत से इसे बनाया गया है। एक करोड़ 10 लाख रुपए की लागत से इको कॉटेज एवं प्रेजेंटेशन सेंटर बनाया जाएगा, मुख्यमंत्री ने इसके लिए भूमिपूजन किया।

## मुख्यमंत्री ने शाजिदा को दीं बधाई और शुभकामनाएं



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बस्तर के दरभा ब्लॉक के गांव मंगलपुर में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान छात्रा शाजिदा के पूछने पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल शुरू करने के पीछे की अपनी कल्पना सभी के साथ साझा की। उन्होंने कहा कि मैं भी गांव के स्कूल में पढ़ा हूँ, जब मैं स्कूल में पढ़ता था, उस समय से मेरे दिमाग मे ये बात थी कि गांव के स्कूलों में वही सुविधा मिलनी चाहिए जो शहरों में मिलती है। मैं जब मिडिल स्कूल और हाई स्कूल में पढ़ता था और कभी दुर्ग-भिलाई जाता था, तो वहां की पढ़ाई देखता था। वहां लोग कोचिंग क्लास जाते थे। हमें गांव में ट्यूशन भी नहीं मिलता था। जब हमारी सरकार बनी और कोरोना काल था, मैंने अधिकारियों को बुलाकर पूछा कि छत्तीसगढ़ को बने 20 साल हो गए, क्या कोई ऐसा स्कूल बना, जिसमें आपके भी बच्चे पढ़ें। शासकीय शिक्षक खुद अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाते थे। हमने रायपुर से शुरुआत की। पहले 3 स्कूल शुरू किए। फिर पहले साल 121 स्कूल खोले, अब 50 स्कूल भी बढ़ा दिए और सीट भी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं, कमी है अवसर की। गांव का व्यक्ति जब मुख्यमंत्री बन सकता है। गांवों में प्रतिभा की कमी नहीं है। सभी बच्चों को अवसर मिले ये हमारा प्रयास है। सरकार की योजना का लाभ शहर के बच्चों के साथ गांव के बच्चों को भी मिलना चाहिए।

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल दरभा की छात्रा शाजिदा ने फर्राटेदार अंग्रेजी में मुख्यमंत्री से बात करते हुए उन्हें अपनी सफलता का श्रेय दिया। शाजिदा ने कहा कि मैंने दसवीं कक्षा में 90.8 प्रतिशत अंकों के साथ बस्तर के सभी आत्मानन्द स्कूलों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। मैं आपको धन्यवाद देना चाहती हूं, क्योंकि आपने हमें ये स्कूल दिया है। इस स्कूल से गरीब बच्चों की बहुत हेल्प हुई है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि हमको दरभा जैसी जगह में ऐसा स्कूल मिलेगा। इससे पहले मैं कॉन्वेंट स्कूल में पढ़ने रोज 20 किलोमीटर का सफर तय कर के दरभा से जगदलपुर जाती थी। वहां मुझे वो सुविधाएं नहीं मिलती थी, जो यहां मिल रही हैं। घर के नज़दीक स्कूल होने की वजह से आने जाने में जो समय बचा उसका उपयोग मैंने अपनी पढ़ाई में किया। शाजिदा ने मुख्यमंत्री को अपने स्कूल की मैगज़ीन भी भेंट की और उनके संग सेल्फी भी ली।

# बस्तर की महिलाओं के चट्टानी इरादों से पथरीली जमीन में फूटे पपीते के अंकुर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कहते हैं इरादे अगर चट्टानी हों तो पत्थर में भी फूल खिलते हैं। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है, बस्तर की इन महिलाओं ने। मां दन्तेश्वरी पपई उत्पादन समिति की 43 महिलाओं की मेहनत से अब बस्तर के मंगलपुर गांव की पथरीली जमीन में भी पपीता के अंकुर फूट रहे हैं। मंगलपुर की ये पपीता बाड़ी नरवा गरुवा घुरूवा बाड़ी योजना की सफलता का उत्कृष्ट उदाहरण है।



मां दन्तेश्वरी समिति की हेमवती कश्यप ने मुख्यमंत्री को आज अपनी सफलता की कहानी सुनाई। उन्होंने बताया कि हमने 10 एकड़ में 300 टन पपीता उगाकर 40 लाख रुपये का विक्रय किया, पपीता की खेती कर हमें पहली बार हवाईजहाज में बैठ दिल्ली जाने का मौका मिला, हमारी ज़िंदगी आपकी सरकार बदल रही है। मुख्यमंत्री ने महिलाओं को पपीता की खेती से दिल्ली का हवाई सफर करने और एक साल में लागत वसूल कर 10 लाख की कमाई करने पर बधाई दी।

समिति की सचिव हेमा कश्यप ने बताया कि ये जमीन बहुत ही पथरीली और बंजर थी, जमीन को खेती लायक बनाने के लिए डेढ़ महीने तक महिलाओं ने हाथों से पत्थर बीने और तकरीबन 100 ट्राली पत्थर बाहर किये। बाहर से लाल मिट्टी लाकर जमीन को समतल किया गया। महिलाओं ने समतलीकरण में श्रम दान दिया। पपीता का पौधा लगाने के लिए बेड बनाये। बड़ा बेड बनाने के लिए पुनः मिट्टी डाली गई। दिसम्बर 2021 में महिलाओं द्वारा शुरू किया गया जमीन तैयार करने का काम लगभग डेढ़ महीने चला, तब जाकर 11 जनवरी 2021 को पपीता के पौधे का रोपण शुरू हुआ। ये इन महिलाओं की कड़ी मेहनत ही है कि आज 10 एकड़ के क्षेत्र में 5500 पपीता के पौधे लहलहा रहे हैं। अभी तक 300 टन पपीते का उत्पादन हो चुका है। यहां इंटर क्रॉपिंग द्वारा पपीते के बीच मे सब्जियाँ उगाई जा रही हैं। एशिया में पहली बार यहां उन्नत अमीना किस्म के पपीते की खेती की जा रही। ये पपीता बहुत मीठा और स्वादिष्ट होने साथ ही पोषक भी होता है।

### मुख्यमंत्री ने बढाया महिलाओं का हौसला

मुख्यमंत्री ने महिलाओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि तरक्की के लिए मेहनत जरूरी है, बस जानकारी और हौसले की ज़रूरत है। यहां के लोग बहुत मेहनतकश हैं। आपने जो सीखा है, उसे और लोगों को भी सिखाएं। मंगलपुर की ही तरह बस्तर के हर गांव के किसान ऐसी खेती कर के तरक्की कर सकते हैं।

### दिल्ली में बिक रहा बस्तर की बाड़ी का पपीता

बस्तर के दरभा ब्लॉक के मंगलपुर गांव में महिलाएं द्वारा उगाए पपीते का मीठा स्वाद दिल्ली तक पहुंच रहा है। दिल्ली की आजादपुर मंडी में पपीते की लगभग 5 टन की तीन खेप बेची जा चुकी है। जिसके 80 रुपये प्रति किलो की दर से दाम मिले हैं। ये सम्भव हुआ इन महिलाओं की हौसले और कड़ी मेहनत से।

### मुख्यमंत्री ने ऑटोमेटेड ड्रिप इर्रिगेशन सिस्टम से उन्नत कृषि का निरीक्षण किया

मंगलपुर में महिलाएं पपीता उगाने के लिए ऑटोमेटेड ड्रिप इर्रिगेशन सिस्टम से उपयुक्त मात्रा में ही पानी और घुलनशील खाद पपीता की जड़ों तक पहुंच रहा है। पथरीली जमीन में ड्रिप इरीगेशन तकनीक द्वारा ही खेती सम्भव है। मुख्यमंत्री को इरिगेशन सिस्टम ऑपरेटर मनीष कश्यप ने बताया कि यह पूरा सिस्टम कंप्यूटरिकृत है, जिसे इंटरनेट द्वारा कहीं से भी ऑपरेट किया जा सकता है।

### वेदर स्टेशन और मोबाइल एप्प का भी कर रहीं उपयोग

महिलाओं की बाड़ी में एक अत्त्याधुनिक तकनीक का वेदर स्टेशन लगा है। जिसके द्वारा उपयुक्त तापमान, वाष्पीकरण दर, मिट्टी की नमी, हवा में नमी की मात्रा, हवा की गति, हवा की दिशा का मापन किया जाता है। इस जानकारी का उपयोग महिलाएं अपने मोबाइल में एप्प से सिंचाई के लिए कर रही हैं। इस तकनीक के इस्तेमाल से उत्पादकता बढ़ी है।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

मोमोस नास्ता सेंटर...
थापा शुद्ध मोमोस सेंटर
फुल हाफ
वेज मोमोस 40/- 20/-
मनचुरियन मोमोस 50/- 30/-
पनीर मोमोस 60/- 30/-
मोमोस-10, 20 और 30 रु. का भी मिलता है। शुद्ध बिना ऑयल का बना
मो.-9977690915, 7898349602
सर्कुलर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंक रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# अधिक उम्र में शादी कहां तक सही, इसे समझना है जरूरी



शादी का उम्र से गहरा व सामाजिक नाता है. उम्र के थोड़ा गुजरते ही कई लोग तो उम्र कुंआरे रह जाते हैं. ऐसे में अधिक उम्र में शादी कहां तक सही है, समझना जरूरी है. शादी की सही उम्र क्या हो? यह ऐसा मुद्दा है जिस में देश के साथ ही दुनिया के तमाम मुल्कों में लड़के और लड़कियों की शादी की कानूनी उम्र अलगअलग है. वैसे हमारे देश में लड़के की शादी की उम्र 21 वर्ष और लड़की की 18 वर्ष रखी गई है. देश में आज भी ज्यादातर लोग ग्रामीण इलाकों में रहते हैं. देश में पहले बालविवाह का काफी चलन था, लेकिन लोगों में जागरूकता आने से अब बालविवाह में कमी आई है.

समाज में कुछ लोगों की शादी अधेड़ उम्र में होती है. इस का एक कारण यह भी है कि लड़का पढ़ाई के बाद अपने पैरों पर खड़ा हो जाए. आज के आधुनिक दौर में लड़कियां उच्चशिक्षा हासिल करने के लिए गांवों और छोटे शहरों से जा कर देश के बड़े संस्थानों में पढ़ाई कर अपना भविष्य बना रही हैं.

यही कारण है कि अब पढ़ेलिखे ज्यादातर लोग 25 साल की उम्र के बाद ही शादी के बंधन में बंध रहे हैं. इस का सब से अहम पहलू अपने भविष्य को ले कर सुरक्षा का है. शिक्षा ने समाज में जागरूकता का काम किया और नतीजा यह निकला कि लड़का और लड़की में फर्क किया जाना कम होने लगा. अब लड़कियां भी पढ़ कर नौकरी कर रही हैं. वे अच्छी तरह सैटल हो रही हैं और जीवनसाथी चुनने में जल्दबाजी नहीं कर रही हैं. इस वजह से भी शादी की उम्र में असर देखने को मिल रहा है.

लड़के और लड़की के बीच आमतौर पर 3 से 5 साल का अंतर हो तो उस जोड़ी को अच्छा माना जाता है. ऐसा माना जाता है कि कम उम्र की लड़की बेहतर होती है, लेकिन अब जमाना बदल रहा है और उसी के साथ मान्यताएं व सोच भी. आज उम्र कोई बहुत बड़ा मसला नहीं रह गया है. आजकल तो कई पत्नियां अपने पति से उम्र में कई साल बड़ी भी हैं. बौलीवुड के स्टार शाहिद कपूर और मीरा राजपूत की शादी भी इसी तरह का एक उदाहरण है. उन के बीच 13 साल का अंतर है. जानेमाने अभिनेता सैफअली खान ने अमृता सिंह और आमिर खान ने रीना से शादी की. दोनों जोड़ियों में उम्र का काफी फासला था. मशहूर मौडल व ऐक्टर मिलिंद सोमन ने भी 52 साल की उम्र में खुद से 25 साल छोटी गर्लफ्रैंड अंकिता कोंवर को विवाह के लिए चुना है.

इसी तरह, ज्यादा उम्र में शादी के जहां अनेक फायदे हैं तो वहीं कई नुकसान भी हैं. दुनिया के कई देशों में शादी की औसत आयु अलगअलग है. हमारे देश में शादी की औसत आयु 26 वर्ष है. सरकार ने बालविवाह रोकने के लिए कानून के साथ ही लोगों में शिक्षा का प्रसार कर के जागरूक करने का काम किया है. पहले मांबाप अपने बच्चों की कम उम्र में शादी कर के मुक्ति पा लेते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है. समाज में लड़के के साथ लड़कियों को ले कर नजरिया बदला है और इस का सकारात्मक असर भी देखने को मिल रहा है.


### फायदे

बड़ी उम्र में शादी करना एक समझदारी भरा फैसला होता है. इस के कई फायदे हैं जिन का असर आप के वैवाहिक जीवन पर पड़ता है.

■ उम्रदराज पुरुष के साथ शादी करने का सब से बड़ा फायदा यह होता है कि लड़की को अपने शौक पूरे करने में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता, क्योंकि ऐसे लोग जौब में होते हैं. उस के पति का कैरियर सैट होता है और उसे नौकरी के चक्कर में इधरउधर भागना नहीं होता. ऐसे में लड़की आराम की जिंदगी बिता सकती है. हर लड़की को ऐसी ही ससुराल की ख्वाहिश रहती है जहां उसे आर्थिक रूप से परेशानी का सामना न करना पड़े.

■ ज्यादा उम्र में शादी करने का दूसरा फायदा यह होता है कि ऐसे लोग कम उम्र के लोगों के मुकाबले ज्यादा समझदार होते हैं. किसी भी बात को गहराई से समझ कर फैसला करते हैं और सहनशील भी होते हैं. इस से यह फायदा होता है कि वैवाहिक जीवन सफल होने के साथ ही खुशहाल भी होता है. पतिपत्नी में अकसर किसी न किसी बात पर तकरार हो जाती है, ऐसे में अगर सोचसमझ कर फैसला न लिया जाए तो जिंदगी दुश्वार हो जाती है.

# परिवार से जोड़ने के लिए बच्चों को रखें इंटरनेट से दूर



बच्चों की दुनिया में सोशल मीडिया की सेंध ऐसी लगी है कि बच्चे सब से कटते जा रहे हैं. ऐसे में इन्हें परिवार से जोड़े रखना है तो इंटरनैट से जरा दूर ही रखें.

कुछ वर्षों से सोशल मीडिया यानी सोशल नैटवर्किंग साइट्स ने लोगों के जीवन में एक खास जगह तो बना ली है परंतु इस का काफी गलत प्रभाव पड़ रहा है. इस में कोई शक नहीं कि डिजिटल युग में इंटरनैट के प्रयोग ने लोगों की दिनचर्या को काफी आसान बना दिया है. पर इस का जो नकारात्मक रूप सामने आ रहा है वह दिल दहलाने वाला है.

जानकारों का कहना है कि इंटरनैट और सोशल मीडिया की लत से लोग इस कदर प्रभावित हैं कि अब उन के पास अपना व्यक्तिगत जीवन जीने का समय नहीं रहा.

सोशल मीडिया की लत रिश्तों पर भारी पड़ने लगी है. बढ़ते तलाक के मामलों में तो इस का कारण माना ही जाता है, इस से भी खतरनाक स्थिति ब्लूव्हेल और हाईस्कूल गैंगस्टर जैसे गेम्स की है. नोएडा में हुए दोहरे हत्याकांड की वजह हाईस्कूल गैंगस्टर गेम बताया गया है. जानलेवा साबित हो रहे इन खेलों से खुद के अलावा समाज को भी खतरा है. अभिभावकों का कहना है कि परिजनों के समक्ष बच्चों को वास्तविक दुनिया के साथ इंटरनैट से सुरक्षित रखना भी एक चुनौती है. इस का समाधान रिश्तों की मजबूत डोर से संभव है. वही इस आभासी दुनिया के खतरों से बचा सकती है.

**पहला केस :** दिल्ली के साउथ कैंपस इलाके के नामी स्कूल में एक विदेशी नाबालिग छात्र ने अपने नाबालिग विदेशी सहपाठी पर कुकर्म का आरोप लगाया. दोनों ही 5वीं क्लास में पढ़ते हैं.

**दूसरा केस :** 9वीं क्लास के एक छात्र ने हाईस्कूल गैंगस्टर गेम डाउनलोड किया. 3-4 दिनों बाद जब यह बात उस के एक सहपाठी को पता चली तो उस ने शिक्षकों और परिजनों तक मामला पहुंचा दिया. परिजनों ने भी इस बात को स्वीकार किया कि बच्चे के व्यवहार में काफी दिनों से उन्हें परिवर्तन दिखाई दे रहा था. समय रहते सचेत होने पर अभिभावक और शिक्षकों ने मिल कर बच्चे की मनोस्थिति को समझा और उसे इस स्थिति से बाहर निकाला.

**तीसरा केस :** 12वीं कक्षा के एक छात्र की पिटाई 11वीं में पढ़ रहे 2 छात्रों ने इसलिए की क्योंकि वह उन की बहन का अच्छा दोस्त था. यही नहीं, उसे पीटने वाले दोनों भाई विशाल और विक्की उसे जान से मारने की धमकी भी दे चुके थे और ऐसा उन्होंने इंटरनैट से प्रेरित हो कर किया.

**चौथा केस :** 7वीं कक्षा की एक छात्रा ने मोबाइल पर ब्लूव्हेल गेम डाउनलोड कर लिया. उस में दिए गए निर्देश के मुताबिक उस ने अपने हाथ पर कट लगा लिया. उस की साथी छात्रा ने उसे देख लिया और शिक्षकों को पूरी बात बता दी. कहने के बावजूद छात्रा अपने परिजनों को स्कूल नहीं आने दे रही थी. दबाव पड़ने पर जब परिजनों को स्कूल बुलाया गया तो पता चला कि घर पर भी उस का स्वभाव आक्रामक रहता है. इस के बाद काउंसलिंग कर के उस को गलती का एहसास कराया गया.

एक छात्रा के अनुसार, "पढ़ाई के लिए हमें इंटरनैट की जरूरत पड़ती है. लगातार वैब सर्फिंग करने से कई तरह की साइट्स आती रहती हैं. यदि हमारे मातापिता साथ होंगे तो हमें अच्छेबुरे का आभास करा सकते हैं. इसलिए हम जैसे बच्चों के पास पापामम्मी या दादादादी का होना जरूरी है. एक अभिभावक का कहना है, "डिजिटल युग में अब ज्यादातर पढ़ाई इंटरनैट पर ही निर्भर होने लगी है. छोटेछोटे बच्चों के प्रोजैक्ट इंटरनैट के माध्यम से ही संभव हैं. आवश्यकता पड़ने पर उन्हें मोबाइल फोन दिलाना पड़ता है. बहुत सी बातों की तो आप और हमें जानकारी भी नहीं होती. कब वह गलत साइट खोल दे, यह मातापिता के लिए पता करना बड़ा मुश्किल होता है."

एक स्कूल प्रिंसिपल का कहना है, "एकल परिवार की वजह से बच्चों का आभासी दुनिया के प्रति आकर्षण बढ़ रहा है. यदि बच्चे संयुक्त परिवार में रहते तो वे विचारों को साझा कर लेते. अभिभावकों को उन की गतिविधियों और व्यवहार पर नजर रखनी चाहिए. हम ने अपने स्कूल में एक सीक्रेट टीम बनाई है जो बच्चों पर नजर रखती है. 14-15 साल के बच्चों में भ्रमित होने के आसार ज्यादा रहते हैं."

### अपराध और गेम्स

इंटरनैट पर इन दिनों कई ऐसे खतरनाक गेम्स मौजूद हैं जिन्हें खेलने की वजह से बच्चे अपराध की दुनिया में कदम रख रहे हैं. इस का सब से ज्यादा असर बच्चों पर पड़ रहा है. साइबर सैल की मानें तो विदेशों में बैठे नकारात्मक मानसिकता के लोग ऐसे गेम्स बनाते हैं. इस के बाद वे इंटरनैट के माध्यम से सोशल मीडिया पर गेम्स का प्रचारप्रसार कर बच्चों को इस का निशाना बनाते हैं.

# नाइट शिफ्ट में काम करने से DNA को होता है नुकसान

अगर आप नियमित तौर पर नाइट शिफ्ट में काम करते हैं तो आपके शरीर के DNA की मरम्मत में बाधा आ सकती है। भारतीय मूल के एक शोधकर्ता की अगुवाई में हुए एक शोध में यह बात सामने आई है। शोध के निष्कर्ष बताते हैं कि नाइट शिफ्ट में काम करने से नींद के हार्मोन मेलाटोनिन के स्राव पर असर पड़ता है।

रिसर्च में यह बात भी सामने आई है कि रात की पाली यानी नाइट शिफ्ट में काम करने वालों में दिन में काम करने वाले समकक्षों की तुलना में पेशाब में सक्रिय DNA टीशूज की मरम्मत करने वाले रसायन का उत्पादन कम होता है। इस रसायन को 8-oh-dg कहते हैं। शोध में कहा गया है कि इससे शरीर की कोशिकाओं की क्षति की मरम्मत की क्षमता में कमी का संकेत मिलता है।

शोधकर्ताओं ने कहा कि इस अंतर के पीछे नींद के हार्मोन मेलाटोनिन के रात में उत्पादन की अपेक्षा दिन में कम उत्पादन होना है। फ्रेड हचिंसन कैंसर रिसर्च सेंटर वॉशिंगटन के प्रवीन भाटी ने कहा, 'हमारे नतीजों से संकेत मिलता है कि रात में सोने की अपेक्षा, रात में काम करने वालों में मूत्र उत्सर्जन में 8-oh-dg की मात्रा में खास तौर से कमी आ जाती है। यह दिखाता है कि यह मेलाटोनिन के अपर्याप्त स्तर के कारण ऑक्सीकारक DNA के नुकसान की मरम्मत में कमी को दिखाता है, जिससे DNA को उच्च स्तर पर नुकसान पहुंच सकता है।

# असल जिंदगी में करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं 'जेठालाल', एक एपिसोड के लेते हैं लाखों रुपये



'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' एक ऐसा शो है, जो कई सालों से दर्शकों का दिल जीत रहा है। इस शो में जेठालाल का किरदार निभाने वाले दिलीप जोशी किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपने अभिनय के बल पर दर्शकों के दिल में एक खास जगह बना ली है। यूं तो दिलीप 12 साल की उम्र से ही एक्टिंग की दुनिया में कदम रख चुके थे और कई फिल्मों में भी काम किया, लेकिन उनकी किस्मत इस शो से चमकी। इस शो ने उन्हें फर्श से अर्श पर लाकर बैठा दिया। आज दिलीप जोशी अपना 54वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर चलिए आपको बताते हैं उनकी कमाई के बारे में।

### एक दिन की लेते हैं इतनी फीस

दिलीप जोशी ने एक बैकस्टेज आर्टिस्ट के तौर पर 50 रुपये की कमाई के साथ अपने करियर की शुरुआत की थी। वहीं, अब वह 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में सबसे ज्यादा फीस लेने वाले एक्टर हैं। रिपोर्ट की मानें तो वह एक एपिसोड की लगभग डेढ़ लाख से दो लाख रुपये फीस लेते हैं और महीने में 25 दिन काम करते हैं।

### लग्जरी कारों का शौक

पोरबंदर गुजरात में जन्मे दिलीप जोशी एक लग्जुरियस लाइफ जीते हैं। उनके परिवार में पत्नी जयमाला जोशी, बेटा रित्विक और बेटी नियति हैं। मुंबई में उनका खुद आलीशान घर है। वहीं, उनके कार कलेक्शन की बात करें तो उनके पास ऑडी Q7 और इनोवा है।

### साल भर करते हैं करोड़ों की कमाई

दिलीप जोशी टीवी सीरियल के अलावा विज्ञापन, ब्रांड प्रमोशन और सोशल मीडिया के जरिए भी अच्छी कमाई करते हैं। वह साल भर में विज्ञापन और शो से लगभग चार से पांच करोड़ की कमाई कर लेते हैं। वहीं, उनकी कुल संपत्ति लगभग 45 करोड़ रुपये है।

# बढ़ते बच्चों का कैसा हो आहार?



**ब्रैस्ट फीडिंग बंद कर चुके बच्चों के सही शारीरिक व मानसिक विकास के लिए उन की डाइट में किनकिन पोषक तत्वों का होना जरूरी है और उन्हें कहां से प्राप्त करें, हम आप को बताते हैं. अपने बच्चों को पोषक भोजन खाने की आदत डाल कर आप उन के लिए स्वस्थ जीवन की आधारशिला रख सकते हैं. बच्चों को 1 नहीं दर्जनों पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है ताकि उन के शरीर और मस्तिष्क का सही विकास हो सके. 2 साल तक बच्चों के लिए स्तनपान जरूरी है. स्तनपान बंद करते ही उन्हें सभी पोषक तत्वों की पूर्ति खाने से करनी होती है. चूंकि उन का शरीर तेजी से विकसित हो रहा होता है, इसलिए उन के लिए माइक्रो व मैक्रोन्यूट्रिएंट्स दोनों ही बहुत जरूरी होते हैं.**

**माइक्रोन्यूट्रिएंट्स विटामिंस:** विटामिन पदार्थों के समूह होते हैं जो कोशिकाओं की सामान्य गतिविधियों और विकास के लिए आवश्यक होते हैं. प्रत्येक विटामिन का शरीर में महत्त्वपूर्ण कार्य होता है. बच्चों के शरीर में विटामिन की कमी से कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं. उन का विकास प्रभावित हो सकता है. विटामिन ए यह हड्डियों के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है, कोशिकाओं और ऊतकों के विकास को बढ़ावा देता है. इस की कमी से बच्चों की हड्डियों का विकास प्रभावित हो सकता है. यह इम्यून तंत्र को मजबूत बना कर संक्रमण से रक्षा करता है. विटामिन ए आंखों की रोशनी बनाए रखने के लिए भी आवश्यक है.

**कहां से प्राप्त करें:** गाजर, शकरकंदी, मेथी, ब्रोकली, पत्तागोभी, मछली का तेल, अंडे का पीला भाग और हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, मेथी आदि में इस की प्रचुर मात्रा होती है.

### विटामिन बी कौंप्लैक्स

यह लाल रक्तकणिकाओं के निर्माण में सम्मिलित होता है, जो हमारे पूरे शरीर में ऑक्सीजन ले जाती हैं. ऑक्सीजन की आवश्यकता शरीर के प्रत्येक भाग को ठीक प्रकार से कार्य करने के लिए होती है. यह मैटाबोलिज्म के लिए भी आवश्यक है. इस की कमी से बच्चों में ऐनीमिया हो जाता है.

**कहां से प्राप्त करें:** साबूत अनाज, मछली, सीफूड, पोल्ट्री, मांस, अंडा, दूध, दूध से बने उत्पाद, हरी पत्तेदार सब्जियों, फलियों आदि से.

### विटामिन सी

बच्चों का इम्यून तंत्र कमजोर होता है, इसलिए वे जल्दी संक्रमण की चपेट में आ जाते हैं. विटामिन सी का सेवन बच्चों के इम्यून तंत्र को मजबूत बना कर संक्रमण से बचाता है. विटामिन सी मसूड़ों को स्वस्थ रखता है. यह लाल रक्तकणिकाओं के निर्माण और उन की मरम्मत में सहायता करता है व रक्तनलिकाओं को शक्ति देता है. आयरन के अवशोषण में सहायता करता है जो बढ़ते बच्चों के लिए बहुत ही आवश्यक पोषक तत्त्व है.

**कहां से प्राप्त करें:** खट्टे फल जैसे संतरा, स्ट्राबैरी, टमाटर, आलू, तरबूज, खरबूज, पत्तागोभी, फूलगोभी, पालक, पपीता, आम आदि से.

Pankaj Mobile
Tata Play Connection Available
All Accessories & General Electricals Items
All Types Recharge & DTH, FastTag Recharge
Pankaj Umbre-
Mo.- 9993240894, 7987806710
Shop No.- 4, Jugnu Dera Complex, Adarsh Nagar, Potia Road, Durg (C.G.)

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

हरे कृष्णा S.S.D हरे रामा
firstcare of Kids
Rajendra Choithramani Mob. 9111830803
न्यू नन्हे उस्ताद Kids Wear
Specialist of all Kinds of Kid's Wear, Cosmetics, Toys & Many More...
हमारे प्रतिष्ठान में अनुभवी कर्मचारियों की आवश्यकता है
पता : मढ़रिया कामप्लेक्स के सामने, आदर्श नगर, दुर्ग (छ.ग.)

BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
Paul Sir
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

SHRI SAI COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS XI XII B.COM CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

कलश ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषण के निर्माता एवं विक्रेता
हमारे यहां उचित ब्याज पर गिरवी रखी जाती है।
देवांगन होटल के बाजू में, मुक्तिधाम रोड, रामनगर, भिलाई, जिला-दुर्ग
9074621825

भोलू मोबाईल रिपेयरिंग एवं साफ्टवेयर
सभी प्रकार के मोबाईल रिपेयरिंग किया जाता है
(All IC Work)
मो. - 87199 99358 9131918132
शॉप नं.-148, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### निर्माण श्रमिक ई-रिक्शा सहायता योजना संचालित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संचालित निर्माण श्रमिक ई-रिक्शा सहायता योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत पंजीकृत निर्माण महिला श्रमिक अथवा पंजीकृत निर्माण महिला श्रमिकों का समूह जो स्व सहायता योजना के तहत पंजीकृत श्रमिकों को ई-रिक्शा हेतु मंडल द्वारा पचास हजार रूपए की राशि का अंशदान दिया जाता है। हितग्राही निर्माण महिला श्रमिक को दस हजार रूपए का अंशदान देना होता है। इसके अलावा बकाया राशि बैंक से ऋण के माध्यम से हितग्राही द्वारा देय होगा। बैंक से ऋण प्राप्ति का अभिलेख सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी को प्रस्तुत करने पर वह मंडल का अंशदान राशि रूपए 50 हजार रूपए हितग्राही के बैंक खाते में जमा करा दिया जाएगा।

### दीदीयों ने हौसले से लिखी अपनी तकदीर : हाथों से बेरोजगारी की लकीर मिटाकर बनाया मुकाम

**रायपुर।** हौसले और मजबूत इरादे तकदीर भी बदल सकते हैं। अपने मजबूत इरादों से दंतेवाड़ा जिले की महिलाओं ने अपने हाथों से बेरोजगारी की लकीर मिटा कर नई इबारत लिखी। यह उनकी मजबूती का परिणाम है, जो मशीन से होने वाली ईटों का निर्माण का काम उन्होंने अपने हाथों में लिया और उसे सफलतापूर्वक पूरा किया। दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय के विकासखण्ड कुआकोण्डा से 25 किमी. की दूरी पर पहाड़ियों और वनो से घिरे खूबसूरत समेली गांव की मोंगरा स्व-सहायता समूह की ये दीदीयां अब तक 6 हजार ईटे बना चुकी हैं। समूह की महिलाएं अधिक पढ़ी-लिखी न होने के कारण घर गृहस्थी का काम और मजदूरी काम करके अपना गुजारा करती है। मुख्यमंत्री की पहल पर शुरू हुई गोधन न्याय योजना के तहत गौठान निर्माण से उन्हें आगे बढ़ने की राह मिली। गांव के गौठान में कई प्रकार के आजीविका संबंधित गतिविधियां संचालित की जा रही है, इससे ये महिलाएं जुड़ी। यहां गौठान निर्माण के लिए ईंट बाहर से लाई जा रही थी। और मात्र एक माह के भीतर बिना किसी मशीन के हस्त निर्मित सांचे से 6 हजार से अधिक ईंटो का निर्माण किया।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया मानव सेवा केन्द्र का भूमिपूजन

**भवन निर्माण हेतु एक करोड़ रुपए देने की घोषणा**

**बस्तर चेम्बर ऑफकॉमर्स करेगा एंबुलेंस, शव वाहन और नशा मुक्ति केन्द्र का संचालन**

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा जगदलपुर में स्थापित किए जाने वाले मानव सेवा केन्द्र का भूमिपूजन किया। उन्होंने मानव सेवा केन्द्र भवन निर्माण हेतु एक करोड़ रुपए देने की घोषणा भी की। बस्तर अंचल में व्यवसायिक गतिविधियों के साथ जनसेवा में जुटे बस्तर चेम्बर ऑफकॉमर्स को शासन द्वारा भूमि उपलब्ध कराई गई है, जिसका उपयोग जरूरतमंदों के लिए संचालित एंबुलेंस और शव वाहन रखने के साथ ही नशा मुक्ति केन्द्र संचालित करने के लिए भी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा लगभग चार माह पहले ही बस्तर चेम्बर ऑफकॉमर्स की मांग पर भूमि आवंटित करने की घोषणा की गई थी।घोषणा पर हुए त्वरित अमल के लिए आज बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने संस्था द्वारा किए जा रहे लोक कल्याणकारी कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज आपके द्वारा निर्मित किए जाने वाले मानव सेवा केंद्र का भूमिपूजन करने का सौभाग्य मुझे मिला है। बस्तर के व्यापारियों ने हमेशा अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को समझा है। अपनी माटी की सेवा हमें अपनी जमीन से जोड़ती है। हमारी जड़ों को और गहरा करती है। इस मानव सेवा केंद्र के लिए आप लोगों ने जमीन की मांग की थी। मैंने जमीन उपलब्ध कराने का अपना वादा पूरा कर दिया है। बस्तर का उद्योग-व्यापार जगत खूब आगे बढ़े, तरक्की करे और खुशहाल रहे, यही शुभकामनाएं हैं।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि जब भी मैं बस्तर आता हूं, आप लोगों से जरूर मुलाकात होती है। इस बार मैं प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के सिलसिले में जगदलपुर आया हूं। हर बार आप लोगों से शासन की योजनाओं का फीडबैक मुझे मिलता है। आपके फीडबैक के आधार पर हम अपनी योजनाओं को निखार कर पाते हैं। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि इस बार मैं पूरे छत्तीसगढ़ की यात्रा कर रहा हूं। पूरे छत्तीसगढ़ के व्यापारियों से बात कर रहा हूं। बस्तर संभाग में सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर और नारायणपुर के व्यापारियों से भी मैंने बात की है। उनकी जरूरतों और अपेक्षाओं को समझा है। मुझे खुशी होती है कि बीते साढ़े तीन वर्षों में हम न केवल बस्तर के गांवों में खुशहाली ला पाए हैं, बल्कि यहां के उद्योग-व्यापार जगत में भी खुशहाली आई है। कोरोना संकट के बावजूद बस्तर में उद्योग-व्यापार थमा नहीं, निरंतर प्रगति होती रही।

### माता-पिता के चेहरों पर मुस्कान

# 218 बच्चों को मिला एक दिवसीय चिरायु कैम्प में निःशुल्क जांच और उपचार का लाभ

**विशेषज्ञों द्वारा हृदय,न्यूरो संबंधी, अस्थि रोग, क्लेफ्ट लिप और स्पीच एंड लेग्वेज डिले जैसे अलग-अलग रोगों का परीक्षण और परामर्श**

**जिन बच्चों का सर्जरी हेतु चिन्हांकन, उनका होगा नि:शुल्क इलाज**

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कोरिया।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु के अंतर्गत जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में आयोजित कैम्प में 218 बच्चों को नि:शुल्क जांच और उपचार का लाभ मिला जिससे माता.पिता के चेहरों पर मुस्कान आई है और बच्चों के इलाज की चिंता से राहत मिली है।

कैम्प में विभिन्न श्रेणी के चिन्हांकित शून्य से 18 वर्ष के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार हेतु एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का सरगुजा संभाग आयुक्त श्री जी आर चुरेन्द्र ने शुभारंभ किया। इस दौरान कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कुणाल दुदावत उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री शर्मा के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थय अधिकारी डा. रामेश्वर शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर के अंतर्गत जिले में कार्यरत चिरायु दलों द्वारा विभिन्न कैटेगरी अंतर्गत चिन्हांकित बच्चो( 0 से 18 वर्ष के बच्चों) के स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार हेतु आयुष्मान भारत में अनुबंधित एनएचए एमएमआईए नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुरए अनुभवी चिकित्सक डॉ किंजल बक्शी, बाल हृदय रोग विशेषज्ञ (कार्डियोलॉजिस्ट)) डॉ. प्रशांत कुमार, मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ (न्यूरोलॉजिस्ट) एवं जिला स्तर के अन्य चिकित्सक विशेषज्ञों द्वारा जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर में 218 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण व उपचार किया गया।

**इन रोगों का हुआ परीक्षण और उपचार**

कैम्प में शून्य से 18 वर्ष के आंगनबाड़ी, स्कूल में पंजीकृत बच्चे जिनमें न्यूरो मोटर इम्पैरमेंट 47 मरीज,न्यूरो ट्यूब दोष 03 जन्मजात हृदय रोग के 60 मरीज, कटे-फ्टे होठ एवं तालू के 01 मरीज, पैर की विकृति के 03 मरीज, स्पीच एंड लेग्वेज डिले 02 मरीज, कॉगनिटीव डिले 02 मरीज,किडनी संबंधीत बिमारी 01 मरीज, जन्मजात मोतियाबिंद 07 मरीज, जन्मजात श्रवण बाधित के 10 मरीजए दृष्टि दोष के 02 मरीजए अस्थि रोग संबंधित 11 मरीज, दंत रोग संबंधित 04 मरीजए चर्म रोग संबंधित 01 मरीज, एवं अन्य 61 मरीजो का परीक्षण एवं उपचार तथा उच्च संस्था में जांच व आपरेशन हेतु चिन्हांकित किया गया है। जिन बच्चों का सर्जरी हेतु चिन्हांकित किया गया है। उनका अनुबंधित अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा नि:शुल्क इलाज कराया जायेगा। इस शिविर में सिविल सर्जन डा. किशोरी लाल धुर्व डीपीएम सुश्री रंजना पैकरा, डा.किंजल , डा. प्रशांत कुमार, डा. ए. के सिंह, डा. एस एस सिह, डा. राजेंद्र बंसरिया, डा मुकेश हेला, डा.आर एस सेंगर, सुधांशु श्रीवास्तव, राकेश सिंह, अंकित ताम्रकार, रंजीत कुमार, भूपेंद्र पाटनवारए,श्रीमती सरोजनी राय, विजय सोनी व जिला अस्पताल के चिकित्सक व आर बी एस के चिकित्सक दल का विशेष सहयोग रहा।

## भेंट-मुलाकातः मुख्यमंत्री बघेल ने दंतेवाड़ा में 'फूड ग्रेड महुआ' के संग्रहण कार्य की सराहना की



श्रीकंचनपथ न्यूज

**आधुनिक तरीके से महुआ फूल के संग्रहण का अधिक से अधिक लाभ दिलाने के दिए निर्देश**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में महुआ संग्राहकों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने के लिए इस वर्ष महुआ फूल (सूखा) के साथ-साथ वैज्ञानिक पद्धति से संग्रहित 'फूड ग्रेड महुआ' का क्रय न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किया जा रहा है। इसके तहत प्रदेश में चालू वर्ष के दौरान 2 हजार क्विंटल फूड ग्रेड महुआ के संग्रहण का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम अंतर्गत बस्तर संभाग के भ्रमण के दौरान गत दिवस दंतेवाड़ा में आधुनिक तरीके से संग्रहित किए जा रहे महुआ फूल (सूखा) अथवा 'फूड ग्रेड महुआ' के संग्रहण कार्य की सराहना की।

उन्होंने इसके लिए अधिक से अधिक आदिवासी-वनवासी संग्राहकों को प्रोत्साहित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के महुआ की गुणवत्ता अच्छी है। इसके संग्रहण में राज्य सरकार द्वारा दी जा रही नई तकनीक आदि की सुविधा का उपयोग करते हुए वनवासी संग्राहकों को इसका अधिक से अधिक लाभ दिलाया जाए।

मुख्यमंत्री श्री बघेल की मंशा के अनुरूप वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में वनवासियों को लघु वनोपजों के संग्रहण और प्रसंस्करण के माध्यम से अधिक से अधिक लाभ दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस कड़ी में राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा फूड ग्रेड महुआ फूड संग्रहण की प्रक्रिया विकसित की गई है।

परंपरागत रूप से संग्रहित महुआ फूल के स्थान पर संघ द्वारा विकसित उन्नत तकनीकी से संग्रहित महुआ फूल के लिए ग्रामीणों को 33 रूपए प्रति किलोग्राम के स्थान पर 50 रूपए प्रति किलोग्राम प्राप्त होते हैं। इसी तरह संग्राहकों को वनोपज संग्रहण तथा प्रसंस्करण कार्य में उन्नत तकनीकी का पालन करने के फलस्वरूप प्राप्त फूड ग्रेड महुआ का वर्तमान में 116 रूपए प्रति किलोग्राम दर प्राप्त हो रही है।

गौरतलब है कि फूड ग्रेड महुआ के संग्रहण के लिए महुआ पेड़ के नीचे नेट फैलाकर एक छत्र तैयार किया जाता है। पेड़ से गिरने वाला महुआ फूल इस नेट में इकट्ठा होता है, जो जमीन की धूल और रेत से सुरक्षित रहता है। इस तरह फूड ग्रेड महुआ के संग्रहण से संग्राहकों को अधिक से अधिक लाभ मिलता है।

### शिविर में पांच हजार 387 लोग राशन, पेंशन, आदि सुविधाओं से हुए लाभान्वित

# सरकार तुंहर द्वार कार्यक्रम से नागरिकगण हो रहे लाभान्वित - राजस्व मंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा। जिला प्रशासन एवं नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोसाबाड़ी जोन, पं.रविशंकर शुक्ल जोन व बालको जोन के वार्ड क्र. 17 से 42 तक के लिए विद्युतगृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा पूर्व में आज सरकार तुहर द्वार योजनांतर्गत वृहद समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पांच हजार 387 लोग राशन, पेंशन, छात्रवृत्ति, सामाजिक सुरक्षा लाभांश, राजस्व प्रकरणों, फौती, नामांन्तरण आदि सुविधाओं से लाभान्वित हुए। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिविर का उद्घाटन किया।**



साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने की। कार्यक्रम के दौरान राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने आज कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सरकार तुंहर द्वार योजना आमनागरिकों की समस्याओं व शिकायतों के त्वरित निराकरण की दिशा में अत्यंत कारगार साबित हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही शहरी क्षेत्रों में भी योजना के तहत आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों का लाभ नागरिकों को मिल रहा है, उन्हें अपने कार्यो हेतु कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ रहा बल्कि अधिकारी कर्मचारी स्वयं उनके दरवाजे पर पहुंच रहे हैं तथा उनकी समस्याएं जानकर उसका निराकरण कर रहे हैं। सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने शिविर में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार स्वयं चलकर आपके घर द्वार पहुंच रही है, आपकी समस्याएं व शिकायतें पूछ रही है, उनका निराकरण कर रही है, यह शासन की अत्यंत प्रशंसनीय पहल है। उन्होने कहा कि हम नेता के रूप में नहीं बल्कि एक जनप्रतिनिधि व जनसेवक के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन करें, जनता जनार्दन की समस्याओं को अपनी समस्या मानकर उन्हें दूर करें, तभी हमारी सार्थकता है। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि निगम क्षेत्र में सरकार तुहर द्वार योजना के तहत आयोजित किए जा रहे शिविर अत्यंत सार्थक साबित हो रहे हैं, लोगों की समस्याएं दूर हो रही हैं, उनकी शिकायतें खत्म हो रही है। कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार तुहर द्वार कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम ग्रामीण क्षेत्रों में वृहद समाधान शिविर लगाए गए व कार्यक्रम संचालित किए गए, अब इसके साथ ही शहरी क्षेत्रों में भी सरकार तुहर द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसका अच्छा प्रतिसाद प्राप्त हो रहा है। नागरिकों का बहुत ही अच्छा सहयोग इस कार्यक्रम को मिल रहा है।

उन्होने कहा कि नागरिकों को पेंशन, राशन कार्ड सहित अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं के लिए कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े, उनके घर पहुंचकर ही इनका समाधान कर दिया जाए, यही इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री भोजराम पटेल, आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय, जनप्रतिनिधि सुरेन्द्रप्रताप जायसवाल सहित निगम के एम.आई.सी.सदस्यगण, वार्डो के पार्षदगण एवं एल्डरमेनगण सहित नागरिकगण मौजूद रहे।

समस्याओं का हुआ निराकरण, 5387 लोग लाभान्वित, - निगम के वार्ड क्र. 17 से वार्ड क्र. 42 तक हेतु आयोजित किए गए आज के वृहद समाधान शिविर से पूर्व ही विभिन्न समस्याओं, शिकायतों व मांगों से संबंधित 5387 आवेदनों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण विभिन्न विभागों के माध्यम से कराया गया। नगर पालिक निगम कोरबा के 3348, राजस्व विभाग के 319, खाद्य विभाग के 988, महिला एवं बाल विकास विभाग के 103, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के 15, श्रम विभाग के 29, उद्यान विभाग के 15, मछलीपालन विभाग 01, कृषि विभाग 28, छ.ग.रा.वि.कम्पनी के 169, शिक्षा विभाग 62, समाज कल्याण विभाग के 17, आदिवासी विकास विभाग के 288, सहकारिता विभाग के 05 आवेदनों का निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

हितग्राहियों को किया गया सामग्री वितरण - वृहद समाधान शिविर के दौरान राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत द्वारा विभिन्न विभागों के अंतर्गत हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण किया गया।

अरिहंत इंटेरियर्स
वॉलपेपर, वुडन फ्लोरिंग, पीवीसी फ्लोरिंग
विंडोव ब्लाइंड्स, एक्रीलिक रेलिंग, आर्टिफिसियल ग्रास, पीवीसी पैनल, ग्लास फिल्म
शॉप नं.-23, नेहरू रोड, सुपेला, भिलाई, 9584400900

YOGESH COMPUTER
Sales & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Hardware
CCTV Camera
Networking
Software
Yogesh Sirame
Mo-9893342971
7748064280
Azad Chowk, Muktidham Road
Ramnagar, Supela, Bhilai
Email : sirameyogesh@gmail.com

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

GREEN COMPUTER
Sales, Services, Repairs
Laptop Repairing
Printer
Desktop
7/2, Dakshin Gangotri, Supela, Bhilai
0788-4083385

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
कवर ही कवर
I-PHone,Samsung, MI, Oppo, Vivo, Nokia, HTC, Blue tooth Charger, Power Bank, Ear Phone, BT. Speakar
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर

### शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपित अर्जुन वर्मा को पुरानी बस्ती पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाने में प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसकी बेटी आठ अप्रैल को घर चंद्रशेखर नगर जाने की बात कह कर निकली, उसके बाद वापस नहीं आई। पुलिस ने गुम इंसान का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच में जुटी टीम ने प्रकरण में आरोपित अर्जुन वर्मा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नाबालिग को बरामद किया। पूछताछ में पीड़िता ने बताया कि आरोपित अर्जुन वर्मा उसे शादी का प्रलोभन देकर ग्राम चीचा स्थित एक मकान में ले जाकर लगातार उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। प्रकरण में आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया गया।

### युवा जागरण शिविर:लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ेंगे तब ही मिलेगी सफलता: एएसपी

**बालोद (ए)।** गायत्री शक्तिपीठ के तत्वावधान में गुरुकुल स्कूल में युवा जागरण शिविर लगाया गया। जिसमें 22 गांवों के 165 युवक-युवतियों ने भाग लिया। प्रांतीय टोली प्रमुख कुन्ती साहू व टीम के सदस्यों ने योगा, प्राणायाम और ध्यान के साथ आर्ट ऑफ लिविग पर्सनल्टी, कॅरियर निर्माण, स्वास्थ्य सफल जीवन के सूत्र, जैविक कृषि, पर्यावरण संरक्षण, नारी जागरण, युग निर्माण योजना, राष्ट्रहित में युवाओं का योगदान, युवा संगठन निर्माण का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। पांचवें दिन समापन पर एएसपी प्रज्ञा मेश्राम ने शिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आगे बढ़ने के लिए लक्ष्य निर्धारण करना और उस पर काम करना बहुत जरूरी है।

# मोबाइल विवाद में दोस्त को चाकू मारने के बाद पटरी पर लिटाया था

## पीएम रिपोर्ट में सामने आई दोस्तों की बर्बरता

**रायपुर (ए)।** राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी इलाके में रेलवे पटरी पर मिली विशेक सेंद्रे की लाश की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दोस्तों की बर्बरता सामने आई है। आरोपितों ने विशेक के पहले कपड़े उतरवाकर उसके हाथ-पैर बांधे और फिर उस पर चाकू से वारकर उसे रेलवे ट्रैक पर लिटा दिया। वह भाग न सके, इसके लिए उसके ऊपर पत्थर रख दिया। मोबाइल के लिए हुए विवाद में की गई इस हत्या के मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें दो नाबालिग हैं।



दरअसल गुढ़ियारी थाना क्षेत्र के डीआरएम ऑफिस के पीछे रेलवे लाइन के पीछे 21 मई को एक व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव मिला था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भिजवा दिया। मृतक के शरीर पर जगह-जगह घाव थे। उसके शरीर पर कोई कपड़े नहीं थे। पुलिस ने मृतक की पहचान विशेक सेंद्रे (19) थाना खमतराई क्षेत्र के रूप में की। हत्या के एंगल में पुलिस जांच में जुट गई। मृतक के स्वजनों से पूछताछ की गई। पुलिस को पता चला कि विशेक को आखिरी बार गुढ़ियारी निवासी उसके एक साथी के साथ दोपहिया वाहन पर घूमते देखा गया था, जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा लड़के की पतासाजी कर पकड़ा गया। उसने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर विशेक सेंद्रे की हत्या करना स्वीकार किया। पूछताछ में घटना के मास्टर माइंड नाबालिग ने बताया कि वह कुछ दिनों पहले अपना मोबाइल फोन विशेक सेंद्रे को बेचने के लिए दिया था। विशेक ने उसके मोबाइल फोन को बिकवाने के बजाय अपना कह दिया। उसने विवाद करते हुए मोबाइल फोन को अपने पास रख लिया। नाबालिग ने विशेक से बदला लेने की ठान ली। घटना के दिन नाबालिग विशेक से मिला। पुराने विवाद को भुलाने की बात कहकर अपनी गाड़ी में घूमने लेकर चला गया।

घटना स्थल पर पहुंच कर उसने अपने साथी जीतू महानंद, दौलत निर्मलकर और नाबालिग को बुलाया। विशेक से मोबाइल फोन को वापस मांगकर विवाद करने लगा। इसके बाद उसके कपड़े उतरवाकर शर्ट से उसके हाथ और पैंट से पैर को बांध दिया। इसके बाद पास में रखे चाकू से मृतक के शरीर पर ताबड़तोड़ वार कर उसे अधमरा कर दिया। इसके बाद उसे ट्रेन की पटरी पर लिटा दिया, ताकि ट्रेन से कटने से उसकी मौत हो जाए। पुलिस और मृतक के स्वजन असलियत न जान सकें।

# निर्माणाधीन मकान में चोरी के 8 आरोपी हुए गिरफ्तार

**महासमुंद (ए)।** बसना आदर्श नगर स्थित निर्माणाधीन मकान में चोरी के आरोप में पुलिस ने 8 युवक को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने चोरी के सामान को कबाड़ी के यहां बेचना स्वीकार किया। वहीं कुछ सामान आरोपियों के घर से बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार निर्माणधीन मकान में चोरी के आरोप में मोहल्ले के जितेन्द्र नायक उर्फ जीतु (28), दिनेश कुमार (22), सुशांत उर्फ सोनू यादव (30), नीराकार चौहान (45), नवीन नायक (30) एवं बंसुलाडीपा निवासी आशीष जोशी (30) को गिरफ्तार किया है। वार्ड क्रमांक चार निवासी महमूद फुलारा ने 24 मई को थाना में चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि अज्ञात चारों ने उसे बंद कर निमार्णाधीन मकान में घुसकर 21 नग सवा इंच बोर पाइप कीमती 15000, 7 नग कालम बीम कीमती 4500, 15 मीटर बोर केबल वायर कीमती 1200, एक नग बोर का स्टार्टर कीमती 2000, लोहे का कालम रिंग करीबन 1 क्विंटल कीमती 8000, काला तार कीमती 2500, छड़ 01 क्विंटल कीमती 8000 कुल 41,200 रुपए को चोरी कर ले गया।

एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस ने संदेहियों को हिरासत में लिया और पूछताछ के दौरान इन आरोपियों ने चोरी करना कबूल किया। बता दें कि आरोपियों ने चोरी के सामान को बंसुलाडीपा निवासी गोपाल साव कबाड़ी दुकान में दो हजार रुपए में बेचना और केबल वायर को जलाना बताया। पुलिस ने कबाड़ी के यहां से 7 नग कामल बीम की जाली, कालम रिंग, एक क्विंटल व सेट्रिंग काला तार, आरोपी रवि के घर से 21 नग बोर सहित अन्य सामान बरामद किया है।

## आरोपियों की तलाश में पुलिस: शो-रूम में 30 हजार की चोरी, डीवीआर ले गए चोर

**महासमुंद (ए)।** सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम झगरेनडीह स्थित किरण ऑटो केयर में अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दी है। 23-25 दरम्यानी रात चोरी हुई है। ऑटो संचालक ने इसकी रिपोर्ट थाना में दर्ज कराई है। वहीं पुलिस ने कुछ संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया, लेकिन सफलता नहीं मिली और सभी को छोड़ दिया गया। पुलिस आरोपियों की तलाश में है।

अज्ञात चोरों ने पुलिस न देख सके इसलिए शो-रूम में लगे सीसीटीवी कैमरे के डीवीआर को चुरा लिया है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## प्रेम संबंध का राज जान गया था देवर, भाभी ने पड़ोसी के साथ मिलकर की थी हत्या

**रायपुर (ए)।** राजधानी रायपुर के मंदिरहसौद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपरहाट्टा में किसान की हत्या का पुलिस ने राजफाश किया। मृतक की भाभी और पड़ोसी ने मिलकर उसकी हत्या की थी, क्योंकि किसान दोनों के प्रेम संबंध का राज जान गया था। पुलिस ने आरोपित कल्याणी ठाकुर और पड़ोसी गजानंद बैस को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 12 मई को दिनेश ठाकुर का शव उसके बिस्तर पर लहूलुहान मिला था। उसके बड़े भाई राजेश ठाकुर ने पुलिस को इसकी सूचना दी थी। पत्थर से सिर कुचलकर हत्या की गई थी। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और मंदिरहसौद थाना की संयुक्त टीम ने जांच शुरू की। घटना स्थल का निरीक्षण कर प्रार्थी, उसकी मां और आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ की। आरोपित की पतासाजी में मुखबिर और तकनीकी विश्लेषक की भी मदद ली गई। इसी बीच टीम को सूचना मिली कि मृतक के घर के बाहर देर रात को गांव के गजांनद बैस उर्फ दरोगा को देखा गया था।

# 4 महीने पहले नाबालिग को भगा ले गया था रायपुर में छोड़कर भागा, आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद (ए)।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म व रेलवे स्टेशन रायपुर में छोड़कर भागने वाले युवक को सरायपाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। नाबालिग ने आरोपी के खिलाफ सरायपाली थाना में दुष्कर्म का मामला दर्ज कराई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर किया है।



सरायपाली थाना प्रभारी आशीष वासनिक ने बताया कि नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोप में तोरेसिंहा निवासी महेश साहू पिता पदमन साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उन्होंने बताया कि आरोपी ने नाबालिग को शादी का प्रलोभन देकर बहला फुसलाकर 29 जनवरी 2022 को रात 10 बजे घर से भगाकर चेन्नई ले गया। वहां उसे पत्नी बनाकर रखा और उसके साथ शारीरिक संबंध भी बनाया।

शादी की बात करने पर आरोपी युवक रायपुर में करने की बात कहता था। चार महीने बार 23 मई को आरोपी नाबालिग को लेकर रायपुर में शादी करेंगे कहकर उसे रायपुर लाया और रायपुर रेलवे स्टेशन में छोड़कर चला गया।

नाबालिग को कुछ घंटे बीतने के बाद शक हुआ और वह अपने घर जाकर परिजनों से सलाह मशविरा के बाद आरोपी के खिलाफ सरायपाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी की पतासाजी कर रही थी, उसी समय पता चला कि वह सिंघोड़ा क्षेत्र में अपने मौसा के यहां निवास कर रहा है। टीम ने आरोपी युवक को वहां से पकड़कर लाई और जेल भेज दिया।

# सोशल मीडिया पर फैलाई सरपंच-उपसरपंच के मौत की अफवाह, आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** राजधानी रायपुर से लगे अमलेश्वर थाना क्षेत्र में अनोखा मामला सामने आया है। यहां एक युवक ने पहंदा के सरपंच और उपसरपंच की मौत की झूठी खबर सोशल मीडिया में वायरल कर दी। इससे सरपंच और उपसरपंच सहित उनके समर्थक और परिजन परेशान हो गए। इसके बाद उन्होंने मामले की शिकायत अमलेश्वर थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



अमलेश्वर पुलिस के मुताबिक ग्राम पहंदा के सरपंच मोहन लाल साहू और उपसरपंच सुरेंद्र साहू की मौत की झूठी खबर सोशल मीडिया फैलाने की शिकायत दर्ज कराई गई। सरपंच के परिजन और समाज के लोगों ने शिकायत दर्ज कराई है कि गांव के ही रहने वाले महेश साहू ने अपनी आपसी दुश्मनी निकालने के लिए सोशल मीडिया में झूठी खबर फैलाई।

उसे पढ़कर परिजन और समर्थक सहित समाज के लोग काफी परेशान हो गए थे। परिजनों का आरोप है कि आरोपी महेश साहू लगातार वॉट्सऐप और फेसबुक पर सरपंच, उप सरपंच के खिलाफ इस तरह की अफवाह फैला रहा है। उसकी इसी हरकतों परिवार में उनके समर्थकों में काफी रोष हैं। पुलिस ने आरोपी महेश साहू के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### साहू समाज के लोगों ने भी सख्त कार्रवाई की मांग

महेश के खिलाफ सरपंच व तहसील साहू संघ पाटन ने भी रोष जताया है। प्रचार सचिव मोहन साहू, उप सरपंच व सहसंयोजक तहसील साहू संघ पाटन सुरेंद्र साहू ने आरोप लगाया कि महेश साहू 9 मई से लगातार सरपंच, उप सरपंच के खिलाफ निराधार आरोप लगा रहा था। उसने गांव के प्रतिष्ठित परिवारों की बहू व बेटियों के बारे में अभद्र टिप्पणी की हैं। इसलिए उन्होंने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# बेटे से मिलने यूपी से आई मां की मौत: अनियंत्रित होकर एनएच-49 पर पलटी कार, 3 बच्चों सहित 7 घायल, एक महिला बिलासपुर रेफर

**जांजगीर-चांपा (ए)।** जांजगीर में गुरुवार सुबह तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलटने से एक महिला की मौत हो गई। जबकि कार सवार 3 बच्चों सहित 7 लोग घायल हुए हैं। इनमें एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें बिलासपुर रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि परिवार उत्तर प्रदेश से आया है। जिस महिला की मौत हुई, वह अपने बेटे से मिलने के लिए आई थी। हादसा अकलतरा थाना क्षेत्र के अर्जुनी गांव के पास हुआ है।



जानकारी के मुताबिक, लखनऊ के बिहानी क्षेत्र के गांव मझिया निवासी गुड्डी देवी (56) पत्नी सुशील सिंह सहित 8 लोग रायगढ़ के खरसिया में एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे। उनका बेटा अकलतरा में एफसीआई में कार्यरत है। बताया जा रहा है कि उससे मिलने के बाद सुबह करीब 7.30 बजे सभी बिलासपुर लौट रहे थे। अभी वे एनएच-49 पर पहुंचे थे कि तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई।

### घायलों को अकलतरा अस्पताल में कराया गया भर्ती

हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। इसके बाद सभी घायलों को कार से बाहर निकाला गया और डायल-112 व 108 एंबुलेंस की मदद से अकलतरा अस्पताल लेकर आए। यहां पर डॉक्टरों ने गुड्डी देवी (56) को मृत घोषित कर दिया। वहीं एक अन्य महिला की हालत गंभीर देख उन्हें बिलासपुर रेफर किया गया है। बाकी 3 बच्चे और 3 पुरूषों का उपचार अकलतरा अस्पताल में ही चल रहा है।

अभी तक हादसे का कारण पता नहीं चल सका है। घायलों के नाम भी सामने नहीं आ सके हैं। हालांकि बताया जा रहा है कि फोर लेन पर अचानक गाय आ जाने के कारण हादसा हुआ है। कार अनियंत्रित हुई और सड़क से नीचे उतर गई। अभी घायल भी बात करने की स्थिति में नहीं हैं। गाड़ी से मिले दस्तावेजों के आधार पर पुलिस परिजनों से संपर्क कर रही है। सभी लोग पहले बिलासपुर ही आए थे। वहीं से खरसिया गए और फिर लौट रहे थे।

## खाना खाने को लेकर उपजे विवाद में मार दिया हथौड़ा, हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

**रायपुर (ए)।** राजधानी रायपुर के सिविल लाइन क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपने रिश्तेदारों पर हथौड़े से हमला कर दिया। आरोप है कि खाना खाने को लेकर उपजे विवाद में आरोपित ने हथौड़ा मारकर जान लेने की कोशिश की। हमले में तीन लोगों को गंभीर चोट आई है। इधर, दूसरे पक्ष ने भी मारपीट की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने दोनों पक्ष की सुनवाई के बाद काउंटर केस दर्ज किया है।




मामला गार्डिया परिवार से जुड़ा हुआ है। राजेंद्र नगर निवासी नवीन गार्डिया ने अपने चाचा बलवंत गार्डिया पर केस दर्ज कराया है। रात करीब 10 बजे बलवंत अपने बेटे हनोक गार्डिया की मौजूदगी में प्रार्थी की बहन से गाली-गलौज की। बलवंत ने खाना खाने आ जाते हो कहकर तंज कसा।

इस बात पर पीड़ित ने मना किया तो बलवंत ने गाली-गलौज शुरू कर दी। लोहे के हथौड़े से सुनीता और कुमुदनी पर प्राणघात्क हमला कर दिया। दोनों को गंभीर चोट आई। वहीं, दूसरे पक्ष की तरफ से बलवंत ने रिपोर्ट लिखाई है। बलवंत ने कहा है कि काफी लंबे समय से विवाद चल रहा है। कुमुदनी के साथ भतीजी और बाकी लोग विवाद करने आए थे। गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षों से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बड़ौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

खास - खबर

## झीरमघाटी के शहीदों को निगम में दी गई दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि



**दुर्ग।** राज्य शासन के आदेशनुसार झीरम घाटी के शहीद जवानों जनप्रतिनिधि,वरिष्ठ पदाधिकारी, सुरक्षा बलों के जवान को अधिकारियों, कर्मचारियों ने दी श्रद्धांजलि राज्य को फिर शांति का टापू बनाने की शपथ ली। दुर्ग नगर निगम कार्यालय के आयुक्त कक्ष में आज अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा झीरम घाटी में नक्सल हिंसा में शहीद हुए वरिष्ठ पदाधिकारियों और सुरक्षा बलों के जवानों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पधचात राज्य को फिर शांति का टापू बनाने के लिए संकल्पित रहने अधिकारियों, कर्मचारियों ने शपथ ली। इस अवसर कार्यपालन अभियंता राजेशपांडेय,आर.के.पालिया, दुर्गेश गुप्ता, मोहित मरकाम, मनोहर साहू, शरद रत्नाकर,शुभम गोइर, थानसिंग यादव,श्रीमती हेमलता वर्मा, श्रीमती उषा यादव, विनीत वर्मा,रोशनी आहूजा,श्रीमती तारा पाटिल, सूरज सारथी, प्रिंसी, चित्र रेखा चंद्राकर सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

# बीएसपी टीम ने जीता सेल स्तरीय चेयरमेन्स ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स का खिताब

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। सेल के प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआई) में चेयरमैन ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स (सीटीवाईएम) 2021-22 का सेल स्तरीय आयोजन किया गया। प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआई) में सेल के एकीकृत इस्पात संयंत्रों एवं सेल की अन्य सर्विसेस यूनिटो का प्रतिनिधित्व करने वाली विभिन्न इकाइयों के फाइनलिस्ट टीमों द्वारा तकनीकी पेपर प्रस्तुत किए गए। जिसमें भिलाई इस्पात संयंत्र का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम ने इस प्रतिष्ठित सेल स्तरीय प्रतियोगिता चेयरमैन ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स (सीटीवाईएम) 2021-22 का खिताब अपने नाम कर भिलाई का नाम रौषन किया।**




इस विजयी व ऊर्जावान टीम के सदस्य हैं-ए पी पंसारी, एजीएम (वित्त), एम डी नौशाद आलम, एजीएम (सतर्कता) और मनोज कुमार श्रीवास्तव, एजीएम (प्रोजेक्ट्स)। लगातार दूसरे वर्ष भिलाई की टीम ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में जीत हासिल कर भिलाई का परचम लहराया है।

इस सेल स्तरीय प्रतियोगिता में पात्रता हासिल करने हेतु संयंत्र स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। संयंत्र स्तर पर प्रथम आने वाली टीम को एमटीआई, रांची में होने वाले सेल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु पात्रता प्राप्त होती है। बीएसपी स्तर पर आयोजित चेयरमैन ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स (सीटीवाईएम) 2021-22 में ए पी पंसारी, एजीएम (वित्त), एम डी नौशाद आलम, एजीएम (सतर्कता) और मनोज कुमार श्रीवास्तव, एजीएम (प्रोजेक्ट्स) की टीम को विजेता घोषित किया गया था। इस वर्ष की प्रतियोगिता का विषय सेल में विश्व स्तरीय परियोजना प्रबंधन प्राप्त करने हेतु मुद्दे और चुनौतियां है।

उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में सेल में 45 वर्ष की आयु तक के सभी कार्यपालक भाग लेने के पात्र होते हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवा प्रबंधकों में रीडिंग और प्रबंधन अवधारणाओं द्वारा उनके आत्म-विकास को प्रोत्साहित करना है। सेल स्तर पर विजेता टीम के प्रत्येक सदस्य को 25,000 रुपये के नकद पुरस्कार के साथ एक विदेशी इस्पात संयंत्र का 3 दिवसीय दौरा करने का अवसर प्राप्त होता है। सेल स्तर पर प्रथम उपविजेता टीम के प्रत्येक सदस्य को 15,000 रुपये के नकद पुरस्कार के साथ एक विदेशी इस्पात संयंत्र का 3 दिवसीय दौरा करने का अवसर प्राप्त होता है। विजयी टीम को बीएसपी उच्च प्रबंधन ने बधाई दी है।

बीएसपी की टीमों ने अब तक 8 बार (2004-05, 2007-08, 2009-10, 2013-14, 2014-15, 2016-17, 2020-21 और 2021-22) इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी को जीतने में सफल रही है। इसके अतिरिक्त बीएसपी की टीमें 5 बार (2006-07, 2008-09, 2010-11, 2015-16 और 2018-19) उपविजेता का खिताब भी प्राप्त कर चुकी हैं। इस प्रकार 2004-05 में प्रतियोगिता की शुरुआत के बाद से 18 प्रतियोगिताओं में से, बीएसपी की टीमों ने कुल 13 बार शीर्ष दो स्थानों पर अपना कब्जा जमाया है।

## झीरम घाटी नक्सल हिंसा में शहीदों को अधिकारी-कर्मियों ने दी श्रद्धांजलि




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में श्रद्धांजलि सभा व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन प्रभारी आयुक्त अशोक द्विवेदी की मौजूदगी में किया गया। इसमें उपस्थित निगम के अधिकारी व कर्मचारियों ने 25 मई, 2013 को झीरम घाटी में नक्सल हिंसा के शिकार हुए जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ पदाधिकारी, सुरक्षा बलों के जवानों तथा वर्तमान में नक्सल हिंसा में शहीद हुए लोगों को दो मिनट मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

प्रात: 10:00 बजे प्रभारी आयुक्त द्विवेदी ने अधिकारी-कर्मचारियों को शपथ दिलाई कि हम छत्तीसगढ़वासी अपने राज्य में अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास रखते हैं तथा निष्ठापूर्वक हम सभी प्रकार के नक्सलवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। हम छत्तीसगढ़ राज्य को पुन: शांति का टापू बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे। प्रभारी आयुक्त ने कहा कि हमारे सुरक्षा बल के जवानों, जनप्रतिनिधियों व अन्य लोगों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। देश के लिए समर्पित अपनी जान न्यौछावर करने वाले शहीदों को हम सबका शत-शत नमन् है। शपथ लेने वालों में कार्यपालन अभियंता डी.के. वर्मा, दीप्ती साहू, स्टेनोद्वय पुरूषोत्तम साहू व वामन राव, शरद दुबे, जय जैन, विद्याधर देवांगन, अरूण सिंह, मोहंती, राज सच्चर, तुलसी वृंदा देवांगन, रीता यादव, प्रियंका, के.के. सिंह, फणीन्द्र बोस, उपाध्याय, गैंदलाल सिन्हा व तीरथ यादव सहित अन्य अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

# निगम की तोड़ूदस्ता ने ढहाई केम्प 2 मटन मार्केट में अतिक्रमण कर बनाई दुकानें


श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाने निगम की टीम द्वारा सतत कार्रवाई की जा रही है। निगम आयुक्त शहर को अवैध कब्जों से मुक्त करने के साथ ही स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने की दिशा में प्रयासरत हैं व इसके लिए वे निगम की गठित बेदखली टीम को निर्देश दे रखे हैं। वहीं आयुक्त ने निगम अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि कहीं भी अतिक्रमण की शिकायत आती है तो उनका निरीक्षण कर वास्तविकता का पता लगाए और जल्द बेदखली कार्रवाई की जाए। आज निगम की तोड़ूदस्ता ने जोन 3 क्षेत्रांतर्गत केम्प 2 शीतला कॉम्पलेक्स के पास मटन मार्केट में तोड़फोड़ की कार्यवाही की। वहां के व्यवसायियों से लगातार शिकायत मिल रही थी कि कुछ लोगों द्वारा मटन मार्केट में बाजार की अतिरिक्त खाली जमीन पर अतिक्रमण कर लिया गया है और दुकान का निर्माण कर मांस का विक्रय किया जा रहा है। मार्केट में अतिक्रमणकारियों द्वारा लंबे समय से लगभग 10 बाई 8 की दो दुकानें बनाकर मांस बेचा जा रहा था। आज जोन 3 आयुक्त येशा लहरे के दिशा-निर्देशन में निगम की तोड़ूदस्ता ने छावनी पुलिस बल की उपस्थिति में जेसीबी से दो व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण कर बनाई गई दुकानों को ढहाया गया। उल्लेखनीय है कि नोटिस देने के बाद भी कब्जा नहीं हटाया जा रहा था। आज राजस्व विभाग और विशेष तोड़ूदस्ता की टीम के संयुक्त प्रयास से अतिक्रमण को हटाया।

# बीएसपी प्रबंधन के लिए पूरी तरह अनुपयोगी है रायपुर नाका की जमीन- वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने रायपुर नाका वार्ड 47 स्थित बीएसपी की जमीन का हस्तांतरण राज्य सरकार को कराने की महत्वपूर्ण पहल की है। वोरा ने कलेक्टर से इस संबंध में उचित कार्रवाई करने कहा है। विधायक ने कहा कि पिछले 50 साल से रायपुर नाका में बीएसपी की जमीन पर सैकड़ों लोग अपनी झोपड़ी बनाकर रह रहे हैं। इनमें से ज्यादातर लोग अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं। नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष देव कुमार जंघेल समेत स्थानीय वार्डवासियों की मांग पर वोरा से मिलकर इस संबंध में मांग की थी। इसी आधार पर वोरा ने बीएसपी प्रबंधन के साथ-साथ कलेक्टर को भी पत्र लिखा है।



वोरा ने कहा कि बीएसपी की जमीन पर काबिज लोगों के पास पट्टा न होने के कारण उन्हें पीएम आवास योजना और राजीव गांधी आश्रय योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पक्के आवास के अभाव में सैकड़ों परिवार कच्ची झुग्गी-झोपड़ी में रहते हैं। यहां आवासीय कालोनियों की तरह बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। उन्हें हमेशा बेदखली का भय सताता रहता है।

वोरा ने कहा कि बीएसपी प्रबंधन ने पूर्व में रुआंबांधा की जमीन राज्य शासन को हस्तांतरित की है। वहां बस्ती बस चुकी थी। 1995 में बीएसपी ने नंदनी-अहिवारा में 337 एकड़ जमीन अहिवारा नगर पालिका को दे दी थी। हाल ही में बीएसपी प्रबंधन ने रिसाली की 290 एकड़ जमीन रिसाली नगर निगम को हस्तांतरित की है। इसी आधार पर बीएसपी प्रबंधन रायपुर नाका की जमीन को राज्य सरकार को हस्तांतरित करे, ताकि यहां के गरीब बाशिंदों को शासकीय योजनाओं का फायदा मिल सके। 13 एकड़ में बनाए गए तालाब और डीएसएस बीएसपी क्वार्टर भी दुर्ग नगर निगम को हस्तांतरित किया जाए ताकि तालाब और क्वार्टर का संधारण व सौंदर्यीकरण किया जा सके।

नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष देव कुमार जंघेल ने कहा है कि वार्डवासियों की मांग को लेकर विधायक अरुण वोरा ने आवश्यक पहल करते हुए बीएसपी प्रबंधन और कलेक्टर को इस मामले से अवगत कराया है। भविष्य में वे इस मुद्दे को लेकर उच्च स्तरीय चर्चा करेंगे। रिसाली, नंदनी और रुआंबांधा की तर्ज पर भिलाई प्रबंधन को दुर्ग स्थित जमीन भी राज्य शासन को मिलना चाहिए। यह भूमि बीएसपी के लिए पूरी तरह अनुपयोगी है। राज्य शासन को जमीन हस्तांतरित होने पर यहां के सैकड़ों परिवारों को शासकीय योजनाओं का फायदा मिल सकेगा।

### महापौर नीरज पाल ने ली नेहरू नगर जोन के अधिकारियों की बैठक

# पेयजल, बरसात पूर्व नालों की सफाई सहित विकास कार्यों पर को जल्द पूरा करने दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल ने आज स्वास्थ्य, पेयजल एवं विभिन्न विकास कार्यों को लेकर वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत जोन एक नेहरू नगर के अधिकारियों की बैठक ली। इसमें उन्होंने स्वास्थ्य, पेयजल, बरसात पूर्व नाला सफाई, विभिन्न विकास कार्यों सहित निर्माण कार्य आदि पर चर्चा की गई। पूर्व में लिए बैठक में दिए गए निर्देशों के बारे में समीक्षा करते हुए फीडबैक लिया।

इस दौरान महापौर ने अधिकारियों से कहा कि जनता को मिलने वाली सुविधाओं में किसी भी प्रकार से लेटलतीफी न की जाए। साथ ही जनहित के कार्यों पर प्राथमिकता के अनुसार कार्य किया जाए। इसके लिए अधिकारी कार्यों की स्वयं मॉनिटरिंग कर समय सीमा में कार्य पूर्ण कराए। नेहरू नगर जोन में स्वीकृति प्राप्ति के बाद निर्माण हो रहे कार्यों की प्रगति व अबतक शुरू नहीं हुए कामों की स्थिति के बारे में भी महापौर ने विस्तृत जानकारी ली। विकास कार्यों की स्थिति को लेकर बैठक में लक्ष्य लेकर काम पूरा करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में महापौर परिषद के सदस्य एवं लोक कर्म प्रभारी एकांश बंछोर, प्रभारी अधीक्षण अभियंता आरपी जोशी, जोन आयुक्त मनीष गायकवाड, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, सहायक अभियंता आलोक पसीने, उप अभियंता श्वेता वर्मा, प्रभा टोप्पो एवं विनीता निर्मलकर आदि उपस्थित थे।

# निगम सभागार में हुआ महिला कर्मियों के लिए एक कदम महिला स्वास्थ्य की ओर कार्यक्रम

### अनुभूति श्री फाउंडेशन ने माहवारी के दौरान सुरक्षित रहने किया जागरूक, फाउंडेशन महिलाओं व किशोरियों को वितरण कर रहा नि: शुल्क सेनेटरी पेड, इको फ्रेंडली सेनेटरी पेड का किया वितरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आज महिला कर्मचारियों के लिए अनुभूति श्री फाउंडेशन ने एक कदम महिला स्वास्थ्य की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें माहवारी के दौरान स्वच्छता बरतने के प्रति जागरूक किया गया।**




इसमें फाउंडेशन की अध्यक्ष डिंपल कौर ने महिला कर्मचारियों को स्वच्छता के गुर बताते हुए कहा कि माहवारी नैसर्गिक देन है। यह महिलाओं में होने वाली एक सामान्य प्रक्रिया है। यदि माहवारी के दौरान जरूरत से ज्यादा रक्तस्त्राव हो तो घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि इसके रोकथाम के लिए तत्काल चिकित्सकों से सलाह लेकर समाधान निकाला जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस दौरान किशोरियों को अधिक रक्तस्त्राव हो तो उनसे खुलकर बेझिझक बात करें और बताए कि यह महिलाओं में एक उम्र के बाद होने वाली साधारण प्रक्रिया है। साथ ही उन्हें सेनेटरी पेड का उपयोग करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। वहीं कपड़े के उपयोग करने से मनाही करनी चाहिए। अधिक रक्त स्त्राव होने पर इसे गंभीरता से लेंवे और महिला विशेषज्ञों से परामर्श लेवें। इससे बचाव की जानकारी के अभाव में संक्रमण व गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। इसमें प्रभारी आयुक्त अशोक द्विवेदी, महापौर परिषद की सदस्य नेहा साहू, निगम की महिला अधिकारी/कर्मचारियों में नोडल अधिकारी प्रीति सिंह, तुलसी वृंदा देवांगन, रीता चतुर्वेदी, रीता यादव आदि मुख्य रूप से उपस्थित थीं। कार्यक्रम में महापौर परिषद की सदस्य नेहा साहू एवं महिला अधिकारी रीता चतुर्वेदी ने संबोधित करते हुए कहा कि आज माहवारी से होने वाले संक्रमण से बचाव के लिए जागरूकता बहुत जरूरी है। उपयोग किए गए सेनेटरी पेड को कागज में रैप करके सुरक्षित स्थानों पर इसका डिस्पोजल करें। इसे खुले में कभी न फेंके, इससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। इस समस्या को हम सबने झेला है, इसलिए इससे होने वाली समस्याओं को शेयर कर इससे बचाव के सुझाव दिया जाना चाहिए। आज सेनेटरी पेड के उपयोग करने की आदत दिलाना आवश्यक है। इसमें महिला समूह भी मौजूद रही। अध्यक्ष डिम्पल ने बताया कि फाउंडेशन जरूरतमंदों को नि:शुल्क सेनेटरी पेड वितरित कर संक्रमण से बचाव के लिए जागरूक कर रही है। पड़ोसी प्रदेश झारखंड और मध्यप्रदेश में भी फाउंडेशन इस दिशा में बेहतर काम कर रही है। भिलाई निगम क्षेत्र के सेक्टर 5 स्थित शहीद पार्क में शाम 6.30 बजे वैश्विक माहवारी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम किया जाएगा।






स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950